卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 142 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦26 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## पलायन को रोकने में अहम भूमिका निभायेगा पंत विश्वविद्यालयः राज्यपाल

देहरादून/पंतनगर(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को राजभवन कृषि प्रदर्शनी को वर्चुअली संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के पुस्तिका "मिलेट्सः खाद्य एवं पोषण से वर्चुअली संवाद भी किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय कृषि के क्षेत्र में एक और





देहरादून से गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के 113वें अखिल भारतीय किसान मेले और सुरक्षा में महत्व" का विमोचन भी किया। राज्यपाल ने किसान मेले एवं प्रदर्शनी में आयी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं क्रांति अग्रदूत बने जिससे उत्तराखण्ड के साथ-साथ देश के हर किसान की आय में वृद्धि हो और (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम ने पावर वीडर से जोता खेत

नई टिहरी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार सुबह तिवाड़ गांव में भ्रमण पर निकले। इस के लिए लोगों से सुझाव भी लिए। सीएम ने पावर वीडर चलाकर खेत भी जोता। सीएम धामी को अपने बीच पाकर विश्राम किया। रविवार सुबह वह मॉर्निंग वॉक पर निकले। सीएम धामी ने टिहरी झील में पर्यटन की संभावनाओं पर लोगों





दौरान वह यहां लोगों से मिले। बातचीत कर लोगों से उनकी समस्याओं के बारे जाना। साथ गांव के विकास और बेहतरी ग्रामीण उत्साहित नजर आए। टिहरी झील से सटे तिवाड़ गांव के एक होम स्टे में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रात्रि से चर्चा की। ग्रामीणों से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का फीडबैक भी लिया।(शेष पृष्ठ 7 पर)

## लापता युवक का नदी में शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदिग्ध हालातों में लापता हुए युवक का शव यूपी बार्डर पर नदी में बरामद होने से सनसनी फैल गयी। यूपी पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी लेने के लिए उत्तराखण्ड पुलिस भी मौके पर पहुंची। मामला यूपी की सीमा का होने के चलते उत्तराखण्ड पुलिस वापस लौट आयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तराखण्ड से सटे चांदपुर कालोनी निवासी 25 वर्षीय बाबू राम पुत्र सतपाल स्वर्ग नगला में मजदूरी करता था। बीती 11 फरवरी से वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता था। उसके बड़े भाई शंकर ने मामले की गुमशुदगी दर्ज करायी थी। शनिवार शाम को भदईपुरा से करतापुर जाने वाली रोड पर स्थित एक नदी के पास बाबू राम का संदिग्ध हालातों में मिला। शव पाये जाने की सूचना पर यूपी पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही रम्पुरा चौकी के प्रभारी अर्जुन गिरी गोस्वामी भी सूचना पर मौका मुआयना करने के लिए पहुंचे। मामला यूपी की सीमा में होने के कारण(शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

काशीपुर(उद संवाददाता)। मजदूरी करने वाले एक युवक ने बेहद



संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। तहसील दार की मौजूदगी में रविवार को मृतक के शव का अंत परीक्षण कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी है। जानकारी के मुताबिक कचनाल गाजी गड्ढा कॉलोनी निवासी मोहम्मद इस्लाम



36 वर्ष पुत्र खलील अहमद मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण किया करता है। वह चार भाई एक बहन है। पूर्व में उसके एक भाई की मृत्यु हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक गत शनिवार को काफी देर तक जब उसका कमरा नहीं खुला तो आसपास के लोग अनहोनी की आशंका को लेकर संदिग्ध हो उठे। कमरे में झांक कर देखने पर युवक रस्सी के सहारे पंखे से फांसी पर झूलता पाया गया। पुलिस को मामले की सूचना मिलने पर उसने तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से दरवाजा तोड़कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## चाकू सहित एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी नीमा बोहरा व कांस्टेबल चन्दन सिंह बिष्ट क्षेत्र में नियमित गश्त कर रहे थे इसी दौरान मंदिर मनकामेश्वर के पास एक युवक संदिग्ध रूप से घूमता दिखाई दिया। जब युवक ने पुलिसकर्मियों को देखकर छिपने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ (शेष पृष्ठ सात पर)

## कांग्रेस को झटका, सुशील गावा सहित सैकड़ों युवा आज थामेंगे भाजपा का दामन

### निष्ठावान कार्यकर्ताओं का कांग्रेस में घुट रहा दम,250 से अधिक युवा लेंगे भाजपा की सदस्यता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। लम्बे समय से गुटबाजी से जूझ रही कांग्रेस को शहर में एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। घर-घर कांग्रेस का झंडा बुलंद करने वाले कांग्रेस नेता सुशील गाबा ने आखिरकार कांग्रेस से रिश्ता तोड़ लिया है वह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आज शाम भाजपा का दामन थामने जा रहे हैं। बता दें कांग्रेस लम्बे समय से गुटबाजी से नहीं उबर पा रही है। प्रदेश स्तर से लेकर नगर स्तर तक की इकाईयों में गुटबाजी समय समय पर उभरकर सामने आती रही है। एक ओर जहां कांग्रेस हाईकमान पार्टी को मजबूत बनाने के लिए तरह तरह के जतन कर रहा है तो दूसरी तरफ संगठन में नगर जिला एवं प्रदेश इकाईयों में गुटबाजी के चलते संगठन लगातार कमजोर होता जा रहा है। कांग्रेसी खुद ही संगठन को कमजोर करने पर तुले हुए हैं।इसका प्रमुख कारण यह है कि कांग्रेस के निष्ठावान और पुराने कार्यकर्ताओं की संगठन में लगातार अनदेखी होती रही है। जिसका खामियाजा पार्टी को कई चुनावों में भुगतना पड़ा है। लेकिन पार्टी के नेताओं ने इससे सबक नहीं लिया। पार्टी के जिम्मेवार लोग संगठन को मजबूत बनाने के लिए धरातल पर प्रयास करने के बजाय खुद भी गाहे बगाहे गुटबाजी को बढ़ावा देते नजर आते हैं। उधम सिंह नगर में भी कांग्रेस कई गुटों में बंटी हुयी है। इसके पीछे कहीं न कहीं वरिष्ठ नेता भी जिम्मेदार हैं। रूद्रपुर की ही बात करें तो यहां पर एक महानगर अध्यक्ष और एक कार्यवाहक महानगर अध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं।



दोनों में छत्तीस का आंकड़ा है। यह बात पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के संज्ञान में भी है इसके बावजूद दोनों गुटों के बीच मतभेद खत्म करने की दिशा में पार्टी के स्तर से कोई प्रयास नहीं किये गये। यही वजह है कि पार्टी के जमीनी स्तर से जुड़े एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं का मोह अब पार्टी से भंग होता जा रहा है। इसी साल प्रदेश में निकाय चुनाव होने हैं। ऐसे में कांग्रेस की गुटबाजी का फायदा उठाने के लिए भाजपा तैयार बैठी है। कांग्रेस में चल रहे अंदरूनी घमासान के बीच जिला महासचिव सुशील गाबा ने बीती शाम पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को इस्तीफा भेजा है। छात्र राजनीति से निकले सुशील गावा यूथ कांग्रेस के साथ ही कांग्रेस में भी पदों पर रहे। उन्होंने पिछले कई चुनावों में कांग्रेस के लिए दिन रात एक किया था। 2011 में कांग्रेस से जुड़े सुशील गावा कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रहते हुए लगातार सक्रिय भूमिका में रहे। वह डिग्री कॉलेज में छात्रसंघ के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। गाबा कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के प्रति हमेशा अपना दायित्व निभाते रहे। अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा का दामन थामने का निर्णय लिया है। आज शाम भगत सिंह चौक पर आयोजित कार्यक्रम में श्री गावा अपने 250 से अधिक युवा समर्थकों के साथ विधायक शिव अरोरा के समक्ष भाजपा की सदस्यता लेंगे।

## निरंकारी मिशन ने निकाली जल स्वच्छ-मन स्वच्छ जागरूकता रैली

WALK & INTERVIEW
Time: 10:00 am | Date 27-02-2023
TATA MOTORS
आवश्यकता है (उ0सि0 नगर के लिये) सेल्स एक्सीक्यूटिव की, दो पहिया वाहन व स्मार्ट फोन अनिवार्य है।
-: सम्पर्क करें :-
SONY AUTO WHEELS
SCV Commercial Vehicle Dealer
Kashipur (Parmanandpur)
81, NH 74, U.S. Nagar
(Uttarakhand) 244713
Mob.: 7302259982
8077588443, 8957891018

गदरपुर(उद संवाददाता)।जल स्वच्छ मन स्वच्छ की भावना को लेकर संत निरंकारी मिशन के सैकड़ों बाजार और दिनेशपुर मोड होते हुए वापस आश्रम पहुंची स मिशन के मुखी किशनलाल नारंग ने बताया कि संत यदि आज हम जल नहीं बचाते तो आने वाला समय हर प्राणी के लिए भयानक होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से पानी





कार्यकर्ताओं ने नगर क्षेत्र में जनजागरूता रैली निकाली।जागरूकता रैली रविवार बाजार स्थित संत निरंकारी आश्रम से सकैनिया मोड़, गूलरभोज रोड, मुख्य निरंकारी मिशन की मुखी माता सुदीक्षा जी के आह्वान पर पूरे देश में जल स्वच्छ मन स्वच्छ रैलियों का आयोजन किया जा रहा है , उन्होंने कहा, पानी ही जीवन है बचाने और मन को स्वच्छ रखने का आह्वान किया उन्होंने कहा, पानी की एक-एक बूंद की कीमत है। इस दौरान रैली में हाथों में (शेष पृष्ठ सात पर)

रस्म पगड़ी / अंतिम अरदास



बड़े दुःख के साथ सूचित कर रहे है कि हमारे बड़े पुत्र **राजीव आनन्द** का आकस्मिक निधन दिनाक 24.02.2023 दिन शुक्रवार को हो गया है। जिनकी **रस्म पगड़ी /अन्तिम अरदास** दिनाँक **27.02.2023 दिन सोमवार** को दोपहर 02:00 बजे से 03:00 बजे तक श्री गुरुद्वारा दशमेश नगर,आवास विकास, रुद्रपुर में सम्पन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

परिधि आनन्द (पुत्री) जगदीश आनन्द-तृप्ता आनन्द (पिता-माता)
युवराज आनन्द (पुत्र) श्याम आनन्द-रीता आनन्द (चाचा-चाची)
साक्षी-सुमित आनन्द(बहन-जीजा) रुचि आनन्द (पत्नी)
राघव आनन्द (भाई) विकास आनन्द-नमिता आनन्द(भाई-भाभी)
एकता, श्रद्धा आनन्द (बहनें) **समस्त आनन्द एवं कपूर परिवार**

निवास- बी 2, एलायंस, काशीपुर रोड़, रूद्रपुर
फर्म-कृष्णा राईस मिल, रूद्रपुर, मो. 9760031019, 9760041276

# टिहरी में 533 करोड़ रुपये की 138 विकास योजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

## मुख्यमंत्री धामी ने की कई विकास कार्यों की घोषणाएं

नई टिहरी( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज प्रताप इंटर कालेज बौराड़ी, टिहरी में 533 करोड़ रुपये की 138 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों





पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने राज्य स्तरीय एलीट महिला एवं पुरुष बाक्सिंग प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पहली किश्त के 1120 लाभर्थियों को कुल 06 करोड़ 72 लाख रुपये की धनराशि का डमी चेक भी प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि टिहरी हाइड्रो इंजीनियरिंग कलेज को आई.आई.टी. का स्वरूप प्रदान किए जाने एवं घनसाली के अन्तर्गत नागेश्वरसौड व डांगी नैलचामी में केन्द्रीयख्रत बैंक की शाखाएं खुलवाए जाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कई अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की।मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा नई टिहरी शहर हेतु रीह से शुद्ध पेयजल की योजना तैयार करने, नई टिहरी नगर के पिकनिक स्पाट को इको पार्क के रूप विकसित करने, धनोल्टी के छाम-बल्डोगी में पैदल झूला पुल का निर्माण करवाए जाने की घोषणा की गई। राजकीय कन्या उच्चतर माधायमिक विद्यालय थान का इण्टरमीडिएट स्तर पर उच्चीकरण करवाए जाने, विधानसभा क्षेत्र-देवप्रयाग के नैखरी महाविद्यालय को श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय का कैंपस बनाए जाने, बगडवालधार से टकोली मोटर मार्ग पर हॉट मिक्सिंग का कार्य करवाए जाने की घोषणा की गई।धारी ढुण्डसिर मोटर मार्ग हक्ष्ट मिक्सिंग का कार्य करवाए जाने, भविष्य में विधानसभा क्षेत्र घनसाली के भिलंगना क्षेत्र के अन्तर्गत महाविद्यालय की स्थापना की स्वीकृति दिए जाने, विधानसभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत गौरिया से गोदी तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण करवाए जाने की घोषणा की गई। विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर के पटी भूदरा के 24 गाँव में पेयजल की समस्या हेतु बालगंगा से पम्पिंग योजना का निर्माण करवाए जाने एवं डोबरा से लम्बगाँव तक सड़क का डेढ़ लेन निर्माण एवं हक्ष्टमिक्स डामरीकरण करवाए जाने की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री श्री धामी ने विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज टिहरी जनपद की जिन विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है, ये सभी विकास कार्य आने वाले समय में हमारे प्रगति स्तंभ बनेंगे और इनसे न केवल टिहरी बल्कि टिहरी के आस-पास के इलाकों को भी लाभ मिलेगा। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचे, इस दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ कार्य किये जा रहे हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री श्री प्रेम चंद अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री श्री सुबोध उनियाल, विधायक श्री किशोर उपाधायाय, श्री प्रीतम सिंह पंवार, श्री शक्ति लाल शाह, श्री विनोद कंडारी, जिला पंचायत अधायक्ष श्रीमती सोना सजवाण सहित अन्य सम्मानितजन उपस्थित रहे।

# विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से सीएम धामी ने किया संवाद

नई टिहरी( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बौराड़ी में मुख्य सेवक आपके द्वार जन संवाद कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। लोगों ने पंचायतीराज, सैनिक कल्याण, पर्यटन,



उद्यान एवं अन्य विभागों से संबंधित योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्राी के साथ विचार साझा किए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जो लोग केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ले रहे हैं, अपने आस-पास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक अवश्य करें। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी टिहरी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में जिन विद्यालयों, उद्यानों, सड़कों आदि के नाम शहीदों के नाम पर रखने की मांग की जा रही है, यदि उनमें किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, तो ऐसे प्रस्ताव शासन को भेजे जाएं। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि काश्तकारों को सेलाकुई स्थित संगंध पौधा केन्द्र में भ्रमण भी कराया जाए, ताकि वे वहां की विभिन्न गतिविधयों को देख सकें। इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के लिए सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में योगदान देना होगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री श्री प्रेम चंद अग्रवाल, सांसद श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह, विधायक श्री किशोर उपाधायाय, श्री प्रीतम सिंह पंवार, श्री शक्तिलाल शाह, श्री विनोद कंडारी, जिला पंचायत अधयक्ष श्रीमती सोना सजवाण सहित अन्य सम्मानित जन उपस्थित रहे।

# उत्थान मंच की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की आम सभा मंच प्रांगण में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर तिवारी ने और संचालन



संस्थापक सदस्य हुकुम सिंह कुंवर ने किया। आम सभा में कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमे कहा गया पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की समस्या के संबंध में एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलेगा, पूर्व मंत्री विधायक बंशीधर भगत का सहयोग लिया जाएगा। सर्व सम्मति से तय किया गया कि नवंबर 2023 में मंच के आम चुनाव कराए जाएंगे तब तक वर्तमान कार्यकारणी यथावत काम करती रहेगी। मंच के अध्यक्ष डॉ चंद्रशेखर तिवारी ने वर्तमान में चल रहे विवाद पर अपनी कार्यकारिणी के सामुहिक इस्तीफे की पेशकश की जिसे आम सभा ने नवंबर में होने वाले आम चुनाव तक अस्वीकार कर दिया। मंच की भूमि को बचाने के लिए पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हर तरीके से लड़ेगा। मंच की भूमि में लगातार कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी। यह भी निर्णय लिया गया कि विवादित सभी मामलों में यदि जरूरत पड़ी तो संस्थापक अध्यक्ष बलवंत सिंह चुपाल का भी मार्ग दर्शन लिया जाएगा। मुकेश शर्मा ने कहा कि न्यायालयों में मजबूती से पैरवी की जाएगी, देवेंद्र सिंह धर्मसत्तू ने कहा कि जवाहर समाज पूरी तरह पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के साथ खड़ा रहेगा। किसी भी कीमत में मंच पर कब्जा नही होने दिया जाएगा, मंच हमारी धरोहर है।

# नई शिक्षा नीति पर आइसा की जिला स्तरीय संगोष्ठी पांच मार्च को रामनगर में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन श्आइसाश की एक बैठक लालकुआ में आयोजित की गई। जिसमें आगामी 5 मार्च को नई शिक्षा नीति को लेकर रामनगर में होने जा रही जिला स्तरीय संगोष्ठी की तैयारी और भागीदारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आइसा के राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजित होंगे। बैठक में जिला संयोजक धीरज



कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति के नाम पर केन्द्र सरकार पूरी शिक्षा व्यवस्था को ही निजीकरण के हवाले करना चाहती है। शिक्षा पर बजट लगातार कम किया जा रहा है जबकि शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार का दर्जा दिया जाना चाहिए। प्रदेश सरकार युवाओं के सपनों को ध्वस्त करने में लगी है, सरकार की नाक के नीचे हर भर्ती घोटाले का शिकार हो रही है और राज्य सरकार भर्ती घोटालों को रोकने और निष्पक्ष जांच में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। विकास सक्सेना ने कहा कि शिक्षा और रोजगार सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए लेकिन सरकारें लगातार इससे पीछे हाथ खींच रही हैं। छात्र युवाओं को एकजुट होकर इसके लिए संघर्ष तेज करना होगा।बैठक में आइसा के सघन सदस्यता अभियान, विभिन्न यूनिटों के सम्मेलन, 5 मार्च को रामनगर में आयोजित होने वाली संगोष्ठी, भगत सिंह -राजगुरू -सुखदेव के शहादत दिवस 23 मार्च पर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई।बैठक में सुहानी, गोविन्द, ललित मटियाली, कमल जोशी आदि शामिल रहे।

# रैली निकालकर जताया सीएम का आभार

सितारगंज(उद संवाददाता)। राज्य में नकल विरोधी सख्त कानून लागू करने पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सीएम का आभार व्यक्त करने के लिए रैली निकाली। रैली को रामलीला मैदान से कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे ने



हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली किच्छा मार्ग, खटीमा मार्ग, जेल कैम्प रोड होते हुए मुख्य चौक पर पहुंची। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण नियुक्तियों में धाधली के मामले वर्षों से सामने आये। सीएम धामी ने नासूर समाप्त करने के लिए कड़ा कदम उठाते हुए कड़ा कानून बनाया।नकल विरोधी कानून से अब कोई गड़बड़ी करने का दुस्साहस नहीं कर पायेगा। सीएम व भाजपा सरकार ने युवाओं का विश्वास जीता है। इधर नगर के मुख्य चौक पर नवनियुक्त भाजपा महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मीना अरोड़ा, युवा मोर्चा अध्यक्ष नवीन भट्ट निराला, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष शाहनवाज, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष श्रीपाल वर्मा, जनजाति मोर्चा अध्यक्ष गणेश राणा, किसान मोर्चा अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, एससी मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश का मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे ने स्वागत किया। इस मौके पर महेश मित्तल, ललित सक्सेना, आंनद बल्लभ भट्ट, सौरभ सक्सेना, जीएस बेदी, अरविंद चौरसिया, कशिश अरोरा, भोला जोशी, बिना साहू, जया जोशी, चंदन श्रीवास्तव, अमित जिंदल, चंदन कश्यप, विशाल श्रीवास्तव, जय अरोड़ा, विकास जायसवाल, अमित बोर, संदीप गुप्ता, सतेंद्र दिवाकर, अनमोल हुंदल आदि थे।

# भाजयुमो ने निकाली धन्यवाद रैली

बागेश्वर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने नकल विरोधी सख्त कानून बनाने पर मुख्यमंत्री के सख्त निर्णय पर धन्यवाद रैली निकाली।नगर मुख्यालय में भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक गस्याल के नेतृत्व में



बाइक रैली निकाली गई, नगर में पार्टी कार्यालय से कांडा रोड, तहसील रोड, भराड़ी रोड तक बाइक रैली निकालकर आभार जताया गया, कार्यकर्ताओं ने कहा कि कानून बनने से युवाओं को लाभ होगा। अब किसी भी परीक्षा में पेपर लीक तथा धांधली जैसी बातें सामने नहीं आएंगी। यदि कोई लिप्त पाया भी जाएगा तो उनके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई भी होगी। वही गरुड़ कपकोट, कांडा, धरमघर, खरहीदुग नाकुरी मंडल में सख्त नकल अध्यादेश लाने के लिए भाजपाइयों ने रैली निकाली, गरुड़ में बैजनाथ तिराहे से गरुड़ बाजार तक बाइक रैली निकालकर मुख्यमंत्री का आभार जताया, इस दौरान रैली में जिला महामंत्री घनश्याम जोशी,व सजंय परिहार,किसान मोर्चे के प्रदेश मंत्री एड राजेन्द्र परिहार, दीपक कठायत, मनोज ओली,आदर्श कठायत,मंडल अध्यक्ष मंगल राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेन्द्र गोस्वामी, कुमाऊ सह संयोजक एससी मोर्चा जेसी आर्या,रमेश जोशी, युवा मोर्चा मंडल प्रभारी महेश ठाकुर, सहित रैली संयोजक दीपक खुल्बे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ठाकुर मेहरा, अंकित जोशी, राजू नेगी, विनय तिवारी, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष कुंदन भंडारी, लखवेंद्र थायत, कमलेश पांडे, दिनेश बिष्ट,आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• मशीन द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S., PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S. (Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# खेल प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने दिखाया जौहर

## सिक्स सिग्मा संस्थान में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिग्मा संस्थान में दो दिवसीय खेल "स्पर्धा-2023" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वॉलीबॉल, खो-खो, 100 तथा 200 मीटर रेस, डिस्क थ्रो, क्रिकेट, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, रस्सा कस्सी आदि खेलों का आयोजन किया गया। पहले दिन का खेल क्वालीफायर राउंड हुआ । जिसमे प्रत्येक खेल से सेमीफाइनल तथा फाइनल के लिए टीमें चुनी गई तथा दूसरे दिन सभी खेलों का चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, प्रबंधन निदेशक सी.ए. शिव अरोड़ा, निदेशिका डॉ. सीमा अरोड़ा, मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर, श्वाईस चेयरमेन प्रीत ग्रोवर तथा मुख्य अतिथि दिगंत हुरिया (एच आर हेड, नारी फार्मा),कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग प्रध ानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, कॉलेज ऑफ फार्मेसी प्रधानाचार्य डॉ. विजय सिंह, सी. ए. ओ. अनुभव बाठला, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन, खेल कार्यक्रम अधिकारी साहिल छाबड़ा मौजूद रहे । खो -खो में मैकेनिकल प्रोडक्शन ब्रांच प्रथम तथा डिप्लोमा फार्मेसी टीम रनर अप रही, क्रिकेट में प्रथम स्थान पॉलीटेक्निक प्रथम वर्ष टीम तथा रनरअप पॉलिटेक्निक मैकेनिकल प्रोडक्शन एवं ऑटोमोबाइल टीम को मिला, वहीं 100 तथा 200 मीटर बालक वर्ग रेस में संजय (बी फार्म), प्रसन्नजीत (डी फार्म), कुलवंत (मैक प्रोडक्शन) विजेता रहे । कैरम खेल में सूरज ढाली फार्मेसी तथा विक्की पॉलिटेक्निक ने बाजी मारी । वहीं दूसरी ओर बालिका वर्ग 100 मीटर एवं 200 मीटर रेस में महबिश, रवीना तथा प्रीति ने जीत हासिल किया । जेवलियन थ्रो में मिथुन,शुभम तथा विक्की ने बाजी मारी । खो-खो बालिका वर्ग में आँचल तथा टीम ने प्रथम स्थान पाया, कैरम बालिका वर्ग में शुभांगी (जी एन एम) ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं रुद्रपुर के विधायक सी ए शिव अरोरा ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल को जीतना ही नहीं अपितु चाह रखना ही सब कुछ है जो मानसिक और शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है, उन्होंने किसी भी टॉपर छात्र के साथ साथ एक अच्छे व्यक्तित्व के व्यक्ति की रचना में खेल कूद की अहम् भूमिका को उजागर किया । मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर ने बताया कि खेल भी अच्छा शिक्षक है जो अनुशासन तथा जीतने का जज्बा सिखाता है। मुख्य अतिथि दिगंत हुरिया (एच आर हेड, नारी फार्मा) ने छात्रों को जीत की शुभकामनायों के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ. विजय सिंह ने सिक्स सिग्मा परिवार की तरफ से सभी को धन्यवाद व्यक्त किया। वहीं कॉलेज ऑफ पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने अपने विचारों के माध्यम से बताया कि खेल में हार जीत एक जीवन का हिस्सा है, जल्दी या देर से वही जीतता है, जिसमें जीतने का जज्बा हो। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन राकेश, अंकित,महविश, साहिल छाबड़ा तथा अनुभव बठला के निर्देशन मे किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्पोर्ट्स कमेटी के सदस्य चंदन सिंह राणा ने निर्णायक की भूमिका निभाई तथा ललित भट्ट, नित्यानंद बिश्वास, संतोष कुमार, कमल सिंह बिष्ट, अमित प्रकाश, कार्तिक हालदार ने अपना सहयोग दिया तथा प्राथमिक उपचार के लिए हर्षित सक्सेना ने योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान समस्त शिक्षक- शिक्षिकाए एवं सभी छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



# पीएम के मन की बात सुन भाजपाईयो ने ली प्रेरणा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज मन की बात के 98 वें संस्करण में रेडियो के माध्यम से टीवी से सीधा प्रसारण कर देशवासियों को ई संजीवनी एप के बारे विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम को यहां रम्पुरा वार्ड 22 में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ की मौजूदगी में नंदलाल के आवास पर अनेक पार्टी कार्यकर्ताओं ने देखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संजीवनी एप सामान्य, मध्यम तथा पर्वतीय लोगों को रक्षा देने वाला है। यह एप डिजिटल क्रांति की शक्ति है। उन्होंने



कहा कि दुनिया के कई देश इस एप की ओर आकर्षित हुए हैं। इससे दो देशों में रहने वाले लोगों के मध्य पैसों का ट्रांसफर काफी आसान हो गया है। श्री मोदी ने कहा कि पटेल जयंती पर मन की बात कार्यक्रम में तीन प्रतियोगिताओं गीत, लोरी और रंगोली पर बात की गई थी जिसमे पांच लाख से भी अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। श्री मोदी के संबोध न के पश्चात भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कार्यकर्ताओ से आव्हान किया कि सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में जनहित में चलाई जा रही योजनाओं का जन जन तक प्रचार प्रसार करें ताकि आम जनमानस ऐसी योजनाओं का लाभ उठा सके। इस दौरान कार्यक्रम के प्रभारी सुनील ठुकराल, संयोजक राज कोली, नंदलाल, पूरन लाल, राजू, धर्मपाल कोली, सतीश कोली, उदय पाल, सोहन लाल कोली, बंटी कोली, हरप्रसाद कोली, टिंकू कोली, हरीश कोली, लाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# एक मार्च को निकलेगी आभार रैली

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। भाजपा संभाग कार्यालय हल्द्वानी में नकल विरोधी कानून बनाये जाने के उपलक्ष्य में अजेय जी ने बैठक कर युवाओं के साथ संवाद किया और संगठन की






रूपरेखा पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि नकल विरोधी कानून बनाये जाने पर मुख्यमन्त्री का आभार और धन्यवाद करने के लिए 1 मार्च को रैली का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने रैली की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि युवाओं को भ्रमित करने के लिए और जो भ्रम फैला रहे है ऐसे लोगों को दण्डित करने के लिए सरकार अच्छा काम कर रही है और जो नकल के पक्षधर थे उन्हें जेलों में डाला जा रहा। है। इसके लिए हमको मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी का आभार व्यक्त करना चाहिए क्योंकि सरकार ने नकल विरोध ी कानून के लिए कड़े कानून बनाए है। अजेय ने कहा कि आगामी संगठन की तैयारी के लिए कार्यकर्ता को जुट जाने की आवश्यकता है और बूथ स्तर पर टोलिया बनाने के लिए और पन्ना प्रमुखों की टोलिया बनाने के लिए डर मण्डल में एकजुट होकर संगठन को मजबूत करना है और सरकार के साथ खड़ा रहना है और अपनी जिम्मेदारियो को सक्रियता से निभाना है। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि 1 मार्च को हमारी रैली सफल होगी। युवाओं में अति उत्साह है। कार्यकर्ता अपने कार्य में जुटे हैं। उनको अपने संगठन की गति को और तेज करना होगा। कार्यक्रम में प्रदेश महामन्त्री राजेन्द्र सिंह बिष्ट, कैलाश शर्मा, गुजन सुखीजा, राकेश नैनवाल,विजय गोयल, शंशाक रावत प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा, नवीन मद्र रंजन बर्गली मंचासीन रहे। इसके अलावा विधायक बशीधर भगत राम सिंह कैड़ा,शिव अरोडा, मोहन बिष्ट, मेयर जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला, श्रीमती सरिता आर्या, दीवान सिंह बिष्ट,हेमन्त द्विवेदी, राजेश शुक्ला, श्रीमती बेला तोलिया, प्रकाश रावत, दीपक नेहरा, चन्दन सिंह बिष्ट, भुवन भट्ट,प्रताप बोरा, दिनेश खुल्बे, कार्तिक हर्बोला आदि लोग मौजूद थे।

# चाकू के साथ दो संदिग्ध दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने गश्त के दौरान किसी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे दो संदिग्धों को चाकू और चाबी के गुच्छों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने काशीपुर रोड ओवरब्रिज के नीचे पुर्वी छोर पर दो संदिग्धों को पकड़ लिया। एक ने अपना नाम रवि श्रीवास्तव उर्फ भल्ला पुत्र स्व0 जगदीश श्रीवास्तव निवासी ग्राम पतरसिया थाना बरखेडा जिला पीलीभीत, हाल निवासी रम्पुरा बताया। उसके हाद से एक लोहे की राड और चाकू बरामद हुआ। वहीं दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम अशोक कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम नौली थाना बहेडी बताया। उसकी तलाशी लेने पर एक चाकू और एक छल्ले में 11 छोटी बडी चाबीयाँ बरामद हुई।

# ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह के निधन पर शोक

किच्छा(उद संवाददाता)।उत्तर प्रदेश सरकार पूर्व मंत्री ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए एक शोक सभा का आयोजन अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा के आवास पर किया गया। शोक सभा में पपनेजा ने कहा कि ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे उन्होंने अपने दम पर सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई उन्होंने समाज में एक अहम भूमिका निभाते हुए क्षेत्र को कई उपलब्धियां दी।पपनेजा ने कहा कि ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह के निधन से जो अपूरणीय क्षति हुई है। शोक सभा में उनकी आत्मिक शांति हेतु व इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति उनके परिवार जनों को प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई ।शोक सभा में व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार बजाज, दुर्गेश गुप्ता, संजीव कुमार सिंह, अरुण तनेजा,छोटेलाल कोली, जीवन जोशी, जगरूप सिंह गोल्डी, फिरदौस सलमानी, तस्लीम राजा, नजाकत खान आदि लोग उपस्थित थे।

# चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। बंद मकान की छत का जाल तोड़कर हुई सनसनीखेज चोरी के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला पक्काकोट निवासी घनश्याम सिंह पुत्र रामनाथ सिंह ने बताया कि बीते 22 फरवरी को जो उसका परिवार मकान में ताला बंद कर शादी समारोह में शामिल होने के लिए कहीं गया हुआ था इसी दौरान घात लगाए चोरों ने मकान की छत पर चढ़कर जाल तोड़ते हुए कमरे में प्रवेश किया और अलमारी खंगालते हुए सोने की कील, सोने के कड़े, सोने का मंगलसूत्र चांदी की पायल, चांदी पीतल की मूर्तियां, चांदी के सिक्के, पीतल और कांसे के बर्तन महंगे कपड़े कंबल तथा हजारों रुपयों की नकदी समेत अन्य तमाम जरूरी सामान समेट लिया और मौके से फरार हो गए। गृह स्वामी ने पुलिस को बताया कि घटना के दूसरे दिन पड़ोसियों ने उन्हें मामले की सूचना दी।

# लिटिल किंग्डम में प्रदर्शनी का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लिटिल किंग्डम प्रिप्रेटरी स्कूल में आज फेमिली फेट फेस्टा एंड साईंस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ किच्छा के एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदर्शनी का समापन आज सायं होगा जिसमें लक्की ड्रा के माध्यम से विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। इस मौके पर एमडी हरविन्दर पुरी, परविन्दर पुरी, बगजेश ढाका, सुमन जोशी, सुनीता कटारिया, स्वाति शर्मा, सिमरन पुरी आदि मौजूद थे।





# विदेशी मेहमानों की मेहमान नवाजी के लिए तैयारियों में जुटा प्रशासन

## मंडलायुक्त दीपक रावत ने जी 20 सम्मेलन में एयरपोर्ट पर अतिथियों के स्वागत की तैयारियों और सड़क व्यवस्थाओं का लिया जायजा





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जी 20 सम्मेलन के अंतर्गत जनपद नैनीताल के रामनगर में आयोजित होने वाली चीफ साइंटिफिक एडवाइजर्स की बैठक में भाग लेने के लिए आने वाले विदेशी मेहमानों की मेहमान नवाजी के लिए प्रशासन ने कवायद शुरु कर दी है। शनिवार को मंडलायुक्त दीपक रावत ने प्रशासनिक अमले के साथ पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, स्वच्छता, रुकने आदि की व्यवस्थाओं के साथी रोड कनेक्टिविटी की जांच हेतु पंतनगर एयरपोर्ट से रुद्रपुर- गदरपुर- दोराहा-बाजपुर बन्नाखेड़ा- बेलपड़ाव-रामनगर होते हुए ढिकुली तक सड़क वव्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमिश्नर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मनसा के अनुरुप सभी व्यवस्थाएं वर्ल्ड क्लास लेवल की होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा मानकों के साथ ही सभी व्यवस्थाएं चाकचोबंद हों। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां सामने आई है, उनका प्रॉपर डॉक्यूमेंटेशन करते हुए कमियों को दूर किया जाए। उन्होंने पंतनगर एयरपोर्ट पर निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि एयरपोर्ट पर अतिथियों के स्वागत हेतु सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाए, जीबी पंत यूनिवर्सिटी के गेस्ट हाउस का सौंदर्यीकरण किया जाए, अतिरिक्त वाहनों की पार्किंग हेतु पंतनगर में व्यवस्था की जाए। मंडलायुक्त ने 100 अच्छी गाड़ियों की व्यवस्था करने, पंतनगर एयरपोर्ट पर ही स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मंडलायुक्त ने सिडकुल क्षेत्र में रोड किनारे सफाई कराने के निर्देश आरएम सिडकुल को तथा नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरस्त रखने के निर्देश एमएनए नगर निगम को दिए। नगर निगम के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का सौंदर्यकरण करने के निर्देश नगर निगम तथा जिला विकास प्राधिकरण को दिए। उन्होंने रोड निरीक्षण के दौरान हल्दी, पत्थर चट्टा, सब्जी अनुसंधान केंद्र के पास रोड को ठीक करने, डिवाइडर्स पर पेंट कराने, साइन बोर्ड सही कराने, दूरी सूचक पत्थरों को सही कराने, रोड में विभिन्न स्थानों पर बने स्पीड ब्रेकर हटाने, रोड सौंदर्यकरण हेतु विभिन्न स्थानों पर पेड़ लगाने के निर्देश परियोजना निदेशक एनएचएआई को दिए। उन्होंने रोड किनारे लगे अव्यवस्थित होर्डिंग्स संयुक्त रूप से हटाने के निर्देश एनएच, पुलिस, राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने दौराहे से बनना खेड़ा तक रोड डामरीकरण कराने, बाजपुर में रेलवे फाटक के दोनो ओर 100 मीटर तक डिवाइडर बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी निलेश आनंद भरणे, डीएम युगल किशोर पंत, धीराज सिंह गरब्याल, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, पंकज भट्ट ने विभिन विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान आईजी कुमाऊं निलेश आनंद भरणे, डीएम युगल किशोर पंत, धीराज सिंह गरब्याल (नैनीताल से) एसएसपी मंजूनाथ टीसी, पंकज भट्ट (नैनीताल से), मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, संदीप तिवारी(नैनीताल से), उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण हरीश कांडपाल, एसपी मनोज कत्याल, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी प्रत्युष सिंह, अभय प्रताप सिंह, पीडी एनएचएआई योगेंद्र शर्मा, मुख्य अभियंता लोनिवि एमपीएस रावत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश प्रभारी कासमी का स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दिल्ली से उत्तराखंड के 6 दिवसीय प्रवास पर पहुंचे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तराखंड के प्रभारी मुफ्ती अब्दुल वहाब कासमी का हाजी महबूब अली पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के निवास स्थान पर स्वागत किया



गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा, प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज खान, प्रदेश उपाध्यक्ष जहीर अंसारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष इसरार हुसैन, नगर महामंत्री अमन अल्वी, जिला मंत्री आबिद हुसैन जी, शाकिर अली, हाजी रहमत अली, जमाल सिद्दीकी, अफजाल कुरेशी, हाजी तकी, रईस अहमद, मोहम्मद इलियास, फहीम रिजवी, गुफरान, मोहम्मद शोएब, मोहम्मद मुशेब, चांद वारसी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत बीमा कर्मियों ने आयोजित किया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी डिविजन रिटायर्ड इंश्योरेंस इंप्लाईज एसोसिएशन द्वारा एक वृहद नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घघाटन आलोक मतिमान वरिष्ठ मंडल प्रबंधक एलआईसी के कल कमलो द्वारा किया गया। जिसमे विशिष्ट अतिथि अशोक शाह (सेवा



निवृत कार्यकारी निदेशक) एवं केएस नागन्याल सेवा निवृत (कार्यकारी निदेशक) उपस्थित थे। नेत्र शिविर मे भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारी, सेवानिवृत्त गण सहित शहर के कई लोगो द्वारा आंखो की जाँच करवायी गयी। शिविर में अस्पताल आई क्यू द्वारा नि:शुल्क जाँच की गयी ।इस अवसर पर आरएस जंगपागी, आरपी पान्डेय, आरसीएस राना, भरत जोशी, बीडी नरवाल, जमन सिह बोनाल, जेके काला, देवेन्द्र मेरिया इत्यादि उपस्थित थे।

## नियमित रूप से संचालित हो जायेगा बेस चिकित्सालय: डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)।बेस चिकित्सालय पिथौरागढ़ संचालन का कार्य तत्परता से किया जा रहा है इसी क्रम में जनपद के 10 डॉक्टर, 5 फार्मासिस्ट, 8 एमपीडब्ल्यू को बेस चिकित्सालय तैनात किए गए हैं। जिलाधिकारी पिथौरागढ़ रीना जोशी द्वारा बेस चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया और नवनियुक्त डॉक्टरों को शुभकामनाएं दी गई। बेस चिकित्सालय को सुचारू रूप से संचालित करने की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है और कल 27 फरवरी दिन सोमवार से



इसका संचालन नियमित रूप से किये जाने की सहमति जताई गई है। जिलाधिकारी द्वारा प्राचार्य बेस चिकित्सालय बरोनिया को निर्देशित किया गया कि बेस चिकित्सालय संचालन के लिए उपयुक्त अन्य आवश्यक उपकरणों/सामग्री की सूची डॉक्टर्स के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर तैयार करके अवगत कराएं साथ ही मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी और अल्मोड़ा से आने वाला सामान शीघ्र बेस चिकित्सालय पहुंच जाएगा। बेस चिकित्सालय में अन्य जनपदों से आने वाले डॉक्टर्स जल्द ही उपलब्ध करा दिए जाएंगे। एसीएमओ चिकित्सा को आज ही एक्स रे मशीन स्थापित करने और प्रथम चरण में ओपीडी व माइनर ओटी भी शुरू करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग और अन्य डॉक्टर उपस्थित रहे।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में नेहा को मिला प्रथम पुरस्कार




शक्तिफार्म/सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय सितारगंज में प्रथम सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई जिसमे बहुत सारे छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा परीक्षा उपरांत परीक्षा की कॉपियां जांची गई जिसमें प्रथम स्थान पर नेहा, द्वितीय संजय तृतीय प्रियंका तथा सांत्वना पुरस्कार में अकाश ,विकास, जितेंद्र प्रिया, रहे । महाविद्यालय में यह सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्रथम बार कराई गई जिसमें मुख्य रुप से आयोजक समिति मे रहे राजीव यादव विश्वविद्यालय प्रतिनिधि राजकीय महाविद्यालय सितारगंज तथा एंटी ड्रग्स सेल विभाग महाविद्यालय सितारगंज जिनके द्वारा यह प्रतियोगिता संपन्न कराई गई । प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में संजीव सिंह उपाध्यक्ष युवा कमेटी ने महाविद्यालय पहुंचकर छात्र छात्राओं को अपने शुभ आशीष प्रदान किए । उत्तीर्ण समस्त छात्र छात्राओं को प्राचार्य महोदय डॉक्टर सुभाष वर्मा जी ने पुरुस्कार प्रदान किया। इस मौके पर प्रवक्ताओं में सत्य मित्र ,अनीता नेगी ,रितिका गिरी गोस्वामी ,वंदना बंसल तथा संजय विकास ,जितेंद्र, अजय, अमन परवीन आदि व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## एक मार्च की युवा विश्वास रैली में शामिल होगा महिला मोर्चा: उमा

बाजपुर( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा नकल विरोधी सख्त कानून पास करने पर महिला मोर्चा भी बढ चढ़कर युवा विश्वास रैली में प्रतिभाग करेंगी। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा जोशी ने बताया कि युवा विश्वास रैली की सफलता के लिए महिला मोर्चा अपना सहयोग करेगी। उमा जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा प्रदेश में देश के सबसे सख्त नकल विरोधी कानून पास कराया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी



1 मार्च को हल्द्वानी क्षेत्र में युवा विश्वास रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। नैनीताल, उधम सिंह नगर व काशीपुर के युवा व महिला मोर्चा के सदस्य शामिल होंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के समस्त युवा कार्यकर्ताओ एवम जनता से आह्वाहन किया है कि आगामी एक मार्च को होने वाली युवा विश्वास रैली में अवश्य शामिल हो। उमा जोशी ने बताया कि श्री धामी के वादे के प्रारूप सरकार किये गए वादे को एक सकल रूप प्रदान करेगी और पूर्ण पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं सम्पन्न कराई जायेंगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार द्वारा की गई त्रुटियों को सही करते हुए नकल विरोधी कानून में बेहद सख्त प्रावधान किए गए है जो प्रदेश में युवाओं के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ के समक्ष एक सफल नकल विरोधी कानून उभर के सामने आयेगा।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री ने विजेताओं को सौंपी ट्रॉफी

धरमघर(उद संवाददाता)। जनरल बीसी जोशी स्टेडियम किड़ई में आयोजित नाकुनरी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया है। बाफिलगांव की टीम ने दियाली-कुरौली को हराकर फाइनल मुकाबला जीता। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बाफिलागांव की टीम ने 159 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दियाली-कुरौली की टीम नौ विकेट खोकर 128 ही बना सकी। इस तरह बाफिलागांव ने प्रतियोगिता अपने नाम की। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार बांटे।प्रतियोगिता के दौरान आयोजक टीम द्वारा प्रतियोगिता द्वारा खेल प्रेमियों को बेहतर क्रिकेट प्रतियोगिता देखने को मिली, और खिलाड़ियों को इस दौरान अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का मौका मिला, मुख्य अतिथि ने सभी खेल प्रेमियों से अपनी



खेल प्रतिभा निखारने के लिए लगातार प्रैक्टिस करने की बात कही,वहीं कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है, हमारा प्रयास है कि क्षेत्र का युवा खेल से यह मजबूती हासिल करें।उन्होंने युवाओं को खेलों को बढ़ावा देने के लिए कभी भी किसी भी प्रकार की मदद करने की बात कही,इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता धन सिंह बाफिला,कुन्दन रैखोला,चन्द्र सिंह चौहान, कैलाश पांडे,मनोज साह,जोगा सिंह भौर्याल,नरेन्द्र कोहली, मनोज भौर्याल,आनन्द बाफिला सहित क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधि व क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे ।संचालन कैलाश पांडेय ने किया।

# राज्यपाल ने किया पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान देहरादून में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित ''विशेष शिक्षा विभाग और दिव्यांगता पुनर्वास के क्षेत्र में अनुसंधान पद्धति'' विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी उपस्थित रहे। भारतीय पुनर्वास परिषद के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह कार्यशाला नवीन अनुसंधान पद्धति से दिव्यांगजनों के पुनर्वास व सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को उनकी कठिन स्थितियों से उबरना ही हमारे इस शोध एवं अनुसंधान का उद्देश्य होना चाहिए। हमारी यह जिम्मेदारी है कि दिव्यांगजन भी हमारी ही तरह स्वावलंबी एवं सुदृढ़ बनें और उनकी प्रतिभा समाज के सामने उभर कर आएं। उन्हें प्लेटफॉर्म मिलें और उनकी कला व प्रतिभा को स्थान सम्मान मिलें। राज्यपाल ने कहा कि सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांगों के प्रति हमें अपनी सोच, विचार और धारणा बदलने की जरूरत है। दिव्यांगजन अपनी प्रतिभा और हुनर के बल पर समाज को बदलने की क्षमता रखते हैं। अनुसंधान के द्वारा उनको समाज की मुख्यधारा से जोड़कर भारत को विकसित व समावेशी देश बनाने में पूरे विश्व के लिए एक आदर्श स्थापित करेगी।राज्यपाल ने मुक्त विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना विद्यार्थियों को ब्रेल सिखाने एवं एम एड (विशेष शिक्षा) में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पूर्णतः दृष्टि बाधित दिव्यांग सुश्री काव्या बोहरा को सम्मानित किया। कार्यशाला में उपस्थित उच्च शिक्षा मंत्री दी। इस अवसर पर कुलपति मुक्त विश्व विद्यालय प्रो. ओ.पी.एस. नेगी ने कार्यशाला के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के निदेशक मनीष






दिव्यांगजनों की सुरक्षा और संरक्षण सम्बंधी चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता है। हमें विचार करना होगा कि अपने स्तर पर कैसे दिव्यांगजनों के जीवन में सुगमता और सरलता ला उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के पुनर्वास और उनकी भलाई के समाधान खोजने के प्रयास किये जाय। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह कार्यशाला दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण व पुनर्वास हेतु नवीन शोध करते हुए कार्यशाला के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के बीएड विशेष शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विभागीय कार्यशाला में 50 डॉ. धन सिंह रावत ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सरकार द्वारा उच्च शिक्षा में छात्रों के हितों को मध्यनजर कई गुणात्मक सुधार किये हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे नवीन प्रयासों की जानकारी वर्मा, विश्वविद्यालय की शिक्षा शास्त्र विभाग के निदेशक प्रो. ए.के. नवीन, संयोजक सिद्धार्थ पोखरियाल सहित विश्व विद्यालय के छात्र-छात्राएं और विभिन्न प्रांतों से आये प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# छात्रों को पठन-पाठन के लिए मिले सभी व्यवस्थाएं

कौसानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में केन्द्रीय विद्यालय कौसानी विद्यालय प्रबन्धन समिति की बैठक हुई, बैठक लेते हुए जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही मोरल एवं स्किल विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश प्रभारी प्रधानाचार्य को दिए, डीएम ने विद्यालय में छात्रों को पठन पाठन में सभी प्रकार की उचित व्यवस्थाएं मिले इसके लिए सभी प्रकार के सहयोग का भरोसा दिया,ताकि बच्चों में देश-समाज के लिए सेवाभाव पैदा हो सके। डीएम ने छात्रों के साथ संवाद कर छात्रों को आवश्यक टिप्स भी दिए, वही भविष्य में सफलता की प्राप्ति के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए कम्पडिशन के दौर में सफलता पाने के सिद्धांतों की जानकारी दी,बच्चों ने डीएम को करीब से उनके द्वारा बताए गए टिप्स के आधार पर सफलता के मूल मंत्रों को छात्र जीवन में चरितार्थ करने की बात कही, वही छात्रों ने जीवन के मूलभूत सिद्धांतो की जानकारी पाने के बाद सफलता पाने के लिए लक्ष्य बनाकर सफलता के मूल सिद्धांतों को जीवंत चरितार्थ करने, सहित आवश्यक नैतिक सिद्धांतो की प्राप्ति के लिए डीएम का आभार जताया। जिलाधिकारी ने स्कूल में नियमित जानकारी देने के साथ ही बच्चों पर पैनी नजर रखने, नियमित काउंसलिंग कराने व चिकित्सा, विधिक साक्षरता शिविर लगवाने, शैक्षणिक भ्रमण के साथ ही आंगनबाडी, प्राथमिक विद्यालयों, हो चुकी है तथा एक मार्च से बोर्ड परीक्षायें प्रारंभ होंगी। उन्होंने बताया नया विद्यालय सत्र एक अप्रैल से प्रारंभ होगा, जिसमें प्रवेश हेतु आंनलाइन पोर्टल पर विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। उन्होंने विद्यालय में ओपन जिम स्थापित



करने हेतु स्वीकृति मांगी, जिस पर समिति ने सहमति जताई, लोनिवि ईई राजकुमार ने केंद्रीय विद्यालय व राज्य अतिथि गृह की ओर आने वाली सड़क जो वर्षाकाल में टूटी है की मरम्मत कराने हेतु धनराशि की मांग रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने सडक मरम्मत कार्य आपदा न्यूनीकरण में प्रस्ताव देने के पेयजल की कमी दूर करने, बच्चों के खेल मैदान में स्टेज शैड निर्माण एवं मैदान किनारे फैन्सिंग का प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, जिलाधिकारी ने विद्यालय में समय-समय पर हैल्थ कैम्प लगाने तथा बच्चों को हाईजीन के बारे में जिला कार्यालयों का टूर कराने के निर्देश भी दिए। प्रभारी प्रधानाचार्य मीना सुयाल ने स्कूल की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यालय में 505 छात्र-छात्राएं है, जिसमें 307 छात्र व 188 छात्राएं है। उन्होंने बताया कि गृह परीक्षाए समाप्त निर्देश दिए। बैठक में उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, सदस्य केके तिवारी, अवद्येश कुमार, नुपुर सचदेवा, किशन सिंह राणा, डॉ.ताहिल सलीम, नीमा सुयाल, मोहित कौशल, वीके सिंह आदि मौजूद थे।

# सब्जी उत्पादन के लिये पॉलीहाउस संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण संपन्न

कपकोट(उद संवाददाता)। दानपुर किसान एकता स्वायत्त सहकारिता का एक दिवसीय पॉलीहाउस संरक्षित खेती प्रशिक्षण संपन्न हो गया है। वक्ताओं ने कहा कि शामा क्षेत्र फल-फूल तथा सब्जी उत्पादन में अग्रणी है। यहां किसान पॉलीहाउसों में बेमौसमी सब्जी का उत्पादन करते हैं। किसानों ने शिकायत की है कि समय-समय पर पॉलीहाउसों में उत्पादित सब्जियों में कीट पंतगों समेत अन्य बीमारी लग जाती है। इससे उनकी सब्जी बर्बाद हो रही है। यह प्रशिक्षण इस तरह



के किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कृषि विज्ञान केंद्र काफलीगैर के वैज्ञानिम डॉ. कमलेश पांडे ने पॉलीहाउस का रखरखाव आदि के बारे में जानकारी दी। सब्जी में लगने वाली बीमारी तथा उसका इलाज भी बताया। ब्लॉक प्रमुख गोविंद दानू ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कार्य कर रही है। इसका लाभ किसानों को मिलेगा। स्वरोजगार बढ़ेगा तो रिवर्स पलायन भी होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र कोरंगा ने की। इस मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राम सिंह कोरंगा, धना कोरंगा, शामा, लीती, भनार, नौकुड़ी, हरसिंग्या बगड़ के किसान मौजूद रहे। उन्होंने खेती को जंगली जानवरों से बचाने की भी मांग की है।

# जै हो कुमाऊँ..जै हो गढ़वाला

## रंगारंग कार्यक्रमो के साथ मनाया शिशु मंदिर गरुड़ का 35 वां वार्षिकोत्सव

गरुड़(उद संवाददाता)। सरस्वती शिशु मंदिर गरुड़ का 35 वां वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने किया। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी।



वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने स्कूल प्रबंधन समिति को बधाई व बच्चों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के शैक्षिक विकास में शिक्षकों के साथ ही अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ ही खेलों, व्यायाम व अन्य क्रियाकलापों के लिए हमेशा प्रेरित करना चाहिए। डीएम ने कहा कि अभिभावक बालक-बालिकाओं को समान प्यार व अवसर दें। उन्होंने कहा कि कोई काम छोटा या बढ़ा नहीं होता है, सभी काम समान है। सभी कामों को महत्त्व दें। बच्चों पर अनावश्यक पढ़ाई का दबाव न डालें। उन्होंने कहा कि दूषित समाज से पाल्यों को बचाना, स्वस्थ व शिक्षित समाज का निर्माण हम सभी का दायित्व है। विशिष्ट अतिथि विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक डॉ विजय पाल ने कहा कि विद्या भारती के स्कूल शिक्षा के साथ ही संस्कार देने का काम कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश उपाध्याय ने सभी का स्वागत करते हुए विद्यालय वृत पढ़ा। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी भैरव नाथ टम्टा ने की तथा संचालन चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस मौके पर बच्चों ने समूहगान, लोकनृत्य, लोकगीत, देशभक्ति गीत समेत अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडेय, विभाग संघ चालक हरी दत्त जोशी, संभाग निरीक्षक आलम सिंह उनियाल, प्रबंधक कैलाश जोशी, डॉ डीएस रावत, जीवन चंद्र दुबे, गणेश जोशी, विपिन तिवारी, नारायण सिंह मेहरा, हरेंद्र नेगी, बलवंत सिंह अल्मिया, प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी, अव्वल सिंह तोपाल, रमेश असवाल, जीत सिंह नेगी, हरीश चंद्र खुल्बे, गोदावरी आर्या, नीमा वर्मा समेत दर्जनों अभिभावक, गणमान्य लोग आदि मौजूद थे।

# धैना-लखनी मोटर मार्ग के वर्षों से खस्ताहाल

गरुड़ (उद संवाददाता)। गरुड़ क्षेत्र का समुचित विकास के दावे जनप्रतिनिधियों द्वारा खूब होते है, गरुड़ में विकास भी हो रहा है,पर गरुड़ क्षेत्र में विकास में सड़कों की बदहाली से विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे है, गरुड़ से लखनी मोटर मार्ग 16 किलोमीटर तक सड़क बदहाल है,सड़क2की बदहाली के चलते आए दिन कही बाइक सवार सड़क में रपटने से चोटिल भी हो गए है, समाज सेवी भगवत राणा ने बताया कि सड़क में रोजाना सैकड़ो लोग अपने घरों से बाजार व बच्चे घर से स्कूल पढ़ने के लिए गरुड़ बागेश्वर आते है, तारा प्रसाद ने कहा कि दुपहिया वाहनों के लिए बाइक चलाना अपनी जिंदगी से खेलना है , कभी भी कोई घटना हो सकती हैं, प्रकाश तिवाड़ी ने बताया की रोड़ मे इतने गड्ढे है जिससे गाडी को काफी नुक्सान हो रहा हैं, कैलाश तिवाड़ी द्वारा बताया की इस सड़क मै ओवरलोडिंग डंपर वाहनों से रोड धस रही हैं सड़क के बीचो बीच बड़े-बड़े गड्ढे व जगह जगह सड़क किनारे से टूट गई है गड्ढों के ऊपर मिट्टी के ढेर लगे हैं दुपहिया वाहनों पैदल चलने वालों के लिए धूल से चलने लायक नहीं हो रहा है दुर्घटना स्थिति बनी हुई है , कोई भी जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नही दे रहा हैं, ग्रामीणों ने जल्द सड़क पर डामरीकरण का कार्य शुरू नहीं होने पर जिला मुख्यालय पर डामरीकरण नही करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है, ऐसे में अब ग्रामीणों की मांग पर विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि कितनी सजगता दिखाते है ये देखने वाली बात होगी, वही केबिनेट मंत्री ने विभागीय



में आंदोलन की चेतावनी दी, ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक और कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास से क्षेत्र के लिए बनी सड़क की सुध लेने,अधिकारियों को फटकार लगाकर सड़क निर्माण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की, वही क्षेत्र के लिए बनी सड़क की सुध नही लिए जाने पर नाराजगी जताई, ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल सड़क अधिकारियों को जल्द सड़क पर डामरीकरण करने के भी निर्देश दिए हैं,वही जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने सभी अधिकारियों को चालू वित्त वर्ष में सड़कों की स्थिति में सुधार करने के निर्देश समीक्षा बैठक में दिए है, स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी पर भरोसा जताते हुए जल्द सड़क की स्थिति में सुधार होने की भी आशा जताई है।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अराजकता का प्रदर्शन

'वारिस पंजाब दे' और उसके मुखिया अमृतपाल सिंह को खालिस्तान से सहानुभूति रखने वाला माना जाता है। अगर इस धारणा में सच्चाई है तो समझा जा सकता है कि इस संगठन की चुनौती अब मौजूदा संदर्भों में किस रूप में खड़ी हो रही है। पंजाब में अमृतसर के अजनाला में एक पुलिस थाने में गुरुवार को जैसे हालात हो गए थे, उससे एकबारगी यह लगा कि शायद राज्य में कानून-व्यवस्था ढह चुकी है और अराजकता हावी है। हालांकि यह कहा जा सकता है कि ऐसी अप्रत्याशित स्थिति कहीं भी आ सकती है, लेकिन अगर इसके बरक्स पुलिस और शासन-व्यवस्था एकदम लाचार और इससे भी आगे उपद्रवियों के सामने समर्पण करती हुई दिखाई दे तब ऐसे में आम जनता अपनी सुरक्षा की उम्मीद किससे करेगी। दरअसल, वहां पुलिस ने लवप्रीत सिंह नाम के व्यक्ति को अपहरण समेत कई अन्य आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। लवप्रीत सिंह को वहां एक कट्टरतावादी सिख संगठन 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह का करीबी माना जाता है, जो उसे रिहा कराने के मकसद से हजारों समर्थकों के साथ अजनाला थाने पर पहुंच गया गया था। भीड़ में कई लोग बंदूक और तलवार से भी लैस थे। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भीड़ के तेवर और दबाव के सामने वहां मौजूद पुलिसकर्मी लाचार दिखे। प्रदर्शनकारियों से सीधे हिंसक तरीके से ही निपटना कोई बेहतर विकल्प नहीं माना जाता है, लेकिन एक तरह से समूचे प्रशासन का मूकदर्शक रहना एक विचित्र स्थिति थी। हैरानी की बात यह है कि अजनाला थाने का घेराव दिखने में अचानक हुई घटना लगती है, मगर सच यह है कि इसकी पृष्ठभूमि कई दिनों से तैयार हो रही थी और शायद पुलिस ने सुचिंतित तरीके से इस मामले से निपटने के लिए समय रहते कदम नहीं उठाए। सवाल है कि क्या अपने एक व्यापक तंत्र के बावजूद वहां की पुलिस को कट्टरतावादी संगठन के मुद्दे, उनके काम करने के तरीके और उसके संरक्षकों की प्रतिक्रिया का अंदाजा नहीं था? अगर किसी संवेदनशील मामले में पुलिस ने इस संगठन के किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया भी था, तो क्या इससे पहले पूरी तैयारी जरूरी नहीं थी? आखिर क्या वजह है कि थाने पर हमले के बाद पैदा हुई स्थिति में पुलिस को अपना रुख नरम करना पड़ा? लवप्रीत सिंह की गिरफ्तारी के आधार कितने मजबूत थे कि अजनाला की एक अदालत ने उसे रिहा करने में ज्यादा वक्त नहीं लगाया? अगर महज उसके समर्थकों के प्रदर्शन के दबाव में आकर पुलिस ने अपने कदम पीछे खींचे तो इसे कानून-व्यवस्था के लिहाज से कैसे देखा जाएगा? गौरतलब है कि 'वारिस पंजाब दे' और उसके मुखिया अमृतपाल सिंह को खालिस्तान से सहानुभूति रखने वाला माना जाता है। अगर इस धारणा में सच्चाई है तो समझा जा सकता है कि इस संगठन की चुनौती अब मौजूदा संदर्भों में किस रूप में खड़ी हो रही है। पंजाब में अतीत के दिन आज भी बहुत सारे लोग भूल नहीं सके होंगे और कोई नहीं चाहेगा कि वह त्रासदी फिर से खड़ी हो। लेकिन सरकार और पुलिस-प्रशासन का रवैया अगर बेहद सुचिंतित, परिपक्व और सावधानी से भरा नहीं रहा तो आने वाले वक्त में छोटी-छोटी घटनाएं कैसा मोड़ लेंगी, कहा नहीं जा सकता! यह छिपा तथ्य नहीं है कि पंजाब में जब से आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, तब से कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर कई बार ऐसी हालत देखी गई है, मानो आपराधिक तत्त्वों को बेलगाम होने का मौका मिल गया हो। जबकि चुनावों के दौरान पार्टी ने राज्य की जनता से कानून-व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करने से लेकर नशामुक्ति जैसे कई बड़े वादे किए थे। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पंजाब देश का सीमावर्ती और संवेदनशील राज्य है। ऐसे में मामूली कोताही की वजह से भी कोई साधारण समस्या भी जटिल शक्ल अख्तियार कर ले सकती है।

# कांग्रेस महाअधिवेशन में भाजपा पर बरसे करन माहरा

रायपुर/ देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित कांग्रेस के 85वें महा अधिवेशन के दूसरे दिन महा अधिवेशन के मंच से वहां मौजूद कांग्रेसजनो को संबोधित किया। करन माहरा ने कहा कि राष्ट्रीय अधायक्ष मलिकार्जुन खरगे , पूर्व अधायक्ष श्रीमती सोनिया गांधी की मौजूदगी में देश के कोने-कोने से आए हुए कांग्रेस के सभी सम्मानित साथीजन, आज एक सम्मेलन के द्वारा बहुत सारे प्रस्तावों को हम सभी के बीच में लाया गया है। उसके लिए सम्मानित नेता गणों को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। आज की लड़ाई बहुत ही महत्वपूर्ण लड़ाई है और उस साजिश को तोड़ने का एक बड़ा काम करने की जरूरत कांग्रेस को है, यहां साजिश शुरू हुई थी आजादी की लड़ाई से जब अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा लेकर कांग्रेस के साथी देश की आजादी को प्राप्त करने की कोशिश कर रहे थे वहीं आरएसएस और उससे संबंधित सारे संगठन भारत छोड़ो अभियान का विरोध कर रहे थे और भारत की आजादी के बाद भारत के उन गरीब, मजलूम और पिछड़े लोगों को जो कांग्रेस के परंपरागत वोटर्स थे उनकी रीड़ और आर्थिकी को तोड़ने का काम आरएसएस और उनके लोगों द्वारा किया गया, सबसे पहला काम उन्होंने किया भारत के चतुर्थ श्रेणी के



कर्मचारियों को की नौकरी समाप्त करने का काम किया, अटल बिहारी वाजपेई जी की सरकार ने कांग्रेस की वोटर्स की आर्थिकी को खराब करने का काम किया अब ना कोई ड्राइवर बन सकता है, ना चपरासी बन सकता है। उन्होंने गरीब के बच्चे की रोटी छीनने से लेकर उसकी नौकरी छीनने की साजिश की है। आज कांग्रेस द्वारा उस साजिश को तोड़ने का काम करना है, जो कर्मचारी वर्ग कांग्रेस के शासन में नौकरियों में आए थे उनका स्वाभाविक झुकाव कांग्रेस की तरफ था उनकी ओल्ड पेंशन स्कीम को खत्म करने का काम भी अटल बिहारी की सरकार ने शुरू किया, यह दो ऐसे काम थे जिसमें भारत की आर्थिक व्यवस्था को चरमराने का काम किया। जब कर्मचारी रिटायर हो कर घर आता है जब उन लोगों को सर्वाधिक संभालने की जरूरत होती जब उसकी बेटी की शादी होती है, उसको मकान की जरूरत होती है, उसकी पेंशन को खत्म करने का काम भाजपा सरकार ने किया। आज के दौर में अजीब सा माहौल देश में ला दिया है, एक तरफ याद आती है आदरणीय राजीव गांधी जी की जब अटल बिहारी वाजपेई जी के जब तबीयत खराब हुई आदरणीय राजीव गांधी जी ने उन्हें विदेश भेजने का काम किया और उसमें भी उनके सम्मान की रक्षा करते हुए उन्हें डेलिगेशन के अध्यक्ष के रूप में विदेश भेजा, दूसरी और आज के युग में जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस महाअधिवेशन होने वाला था तब चार दिन पहले ही छत्तीसगढ़ में ईडी द्वारा छापे मार दिए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर हमारे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्री पवन खेड़ा जी को जहाज से उतार लिया जाता है ऐसी लड़ाई आज देश में चल रही है, आप लोग और हम सबको मिलकर इस लड़ाई को मिलकर लड़ना है और पूरी ताकत से लड़ना होगा, अगर आप भला चाहते हो हिंदुस्तान का तो इस कारवां में शामिल हो, यूं तो एक बूंद अकेली समुद्र नही बनती, हजारों बूंद चाहिए समुद्र बनाने के लिए।

# टीएमयू का फिजिकल कॉलेज फिर चैम्पियन ऑफ चैम्पियन्स

मुरादाबाद(उद ब्यूरो)।तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी इंटर कॉलिजिएट स्पोर्ट्स टूर्नामेंट.2023 का फिजिकल एजुकेशन कॉलेज चैपियन ऑफ चैपियन्स बना। टूर्नामेंट में फिजिकल कॉलेज ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 39 प्वाइंट्स हासिल करके चैपियन ऑफ चैपियन्स का खिताब जीता। टीएमयू के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर 23 प्वाइंट्स प्राप्त करके दूसरे पायदानए जबकि सीसीएस आईटी कॉलेज 12 प्वाइंट्स अर्जित करके तीसरे स्थान पर रहा। परम्परा के मुताबिक चैपियन कॉलेज ट्रॉफी रनर अप कॉलेज को सौंप दी जाती हैए इसीलिए फिजिकल कॉलेज की ओर से यह ट्रॉफी मेडिकल कॉलेज को सौंप दी गई। मेडिकल कॉलेज की ओर से यह ट्रॉफी फार्माकोलॉजी के एचओडी एवम् कॉलेज स्पोर्टस कमेटी के चेयरमैन डॉ. प्रीथपाल सिंह मटरेजा ने रिसीव की। समापन मौके पर यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. रघुवीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतियोगिताओं की विजेता टीमों के संग.संग सभी प्रतिभागियों को ट्रॉफी और मेडल देकर




सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने सभी कॉलेज के कोर्डिनेटर्स को टोकन ऑफ अप्रेसिएशन देकर सम्मानित किया। फिजिकल कॉलेज ने एथलीट की जेवलिन थ्रोए शॉर्ट पुटए 100 मीटर एथलीटए कैरम आदि में सर्वाधिक अंक प्राप्त करके चौम्पियनशिप की ट्रॉफी अपने नाम की है। टूर्नामेंट में एक दर्जन से अधिक खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं में 16 कॉलेज की टीमों ने प्रतिभाग किया। इंटर कॉलिजिएट स्पोर्ट्स टूर्नामेंट.2023 में क्रिकेट का खिताब कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज ने अपने नाम किया। बास्केटबाल में मेडिकल कॉलेजए फुटबाल में मेडिकल कॉलेजए वालीबाल में मेडिकल कॉलेजए बैडमिंटन में मेडिकल कॉलेजए टंग ऑफ वॉर में पैरामेडिकल और फार्मेसी कॉलेजए बॉक्स क्रिकेट में लॉ कॉलेजए कबड्डी में एग्रीकल्चर कॉलेज ने जीत का परचम लहराया। समापन समारोह के दौरान फिजिकल एजुकेशन कॉलेज की ओर से स्पोर्टस कोर्डिनेटर तौहीद अख्तर, डॉ. योगेन्द्र शर्मा, यशचन्द्र गंगवार, मुकेश कुमार, राजकुमार सिंह आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है इंटर कॉलिजिएट स्पोर्ट्स टूर्नामेंट.2023 का शंखनाद 10 फरवरी को हुआ था। संचालन फिजिकल कॉलेज की फैकल्टी उनमेश उथासैनी ने किया।

# श्रीमद् भगवत गीता में छुपा है सभी समस्याओं का समाधान: आचार्य प्रशांत

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। श्रीमद्भगवदगीता श्री कृष्ण और अर्जुन के बीच एक ऐसा संवाद है, जिसमें सभी मानव समस्याओं की कूंजी छुपी है। इस संवाद की पृष्ठभूमि महाभारत का युद्ध है। गीता में दिए उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं और मनुष्य मात्र को जीवन जीने की सही राह दिखाते हैं। आती हैं और उनका हल क्या है। आचार्य प्रशान्त के अनुसार अहंकार और अज्ञान ही जीवन की मूलभूत समस्याएं हैं। और विद्या, सही ज्ञान, ही हमारी सभी समस्याओं का अंतिम समाधान है। श्रीकृष्ण गीता में कहते हैं कि स्वार्थ से प्रेरित हुआ कर्म ही दुख को जन्मता है। और कर्म के केंद्र में हमेशा इन दोनों के बीच में ही उलझा रहता है। आचार्य प्रशान्त ने कहा कि आज के दौर में पीड़ा तो सभी के मन मे है। उस पीड़ा से मुक्ति भी सभी को चाहिए, लेकिन मन मे जो अज्ञान और धारणाएं बैठी है उन्हें छोड़ने में पीड़ा होती है। भीतर के झूठ व अहंकार को हम इतना पोषण दे देते हैं कि वही हमे



देहरादून मार्ग पर प्रशांतअद्वैत संस्था द्वारा आयोजित वेदांत महोत्सव में आचार्य प्रशान्त ने साधको द्वारा पूछे गए सवालों के काफी गहरे और स्पष्ट जबाब दिए। उन्होने कहा कि गीता ऐसा ग्रंथ है जो मानव को जीने का ढंग सिखाता है। गीता मनुष्य को निष्काम कर्म और प्रेम का पाठ पढ़ाती है। गीता में श्रीकृष्ण ने बताया है कि जीवन में समस्याएं किन वजहों से निष्कामता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गीता में कहा गया है कि इंद्रियों से परे बुद्धि, बुद्धि से परे मन और मन से श्रेष्ठ आत्मा है। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो चरित्र का निर्माण करे। आचार्य प्रशांत ने आगे समझाया कि श्रीकृष्ण कहते हैं कि यह शरीर ही वह क्षेत्र है जहां युद्ध होता है। शरीर मे दो सेनाएं हैं: एक पांडव अर्थात पुण्यमयी और एक कौरव अर्थात पापी। मनुष्य सत्य लगता है और हम उसे छोड़ने को तैयार नही होते। आचार्य प्रशान्त ने कहा कि हम झूठी कल्पनाओं, अंधविश्वास के आदि हो चुके हैं। हमारे धर्म ग्रँथ ही हमे सही जीवन जीने की प्रेरणा देते है। और हम उनकी तरफ जाने को तैयार नही होते, जिसकी वजह से दुख झेलते हैं। अगर हमारे पास कोई सही लक्ष्य नही है तो मन गलत धारणाओं को पकड़ ही लेगा आउट अंततः दुख का निर्माण करेगा।

# टीएमयू डेंटल स्टुडेंट्स ने बिखेरे सांस्कृतिक रंग

मुरादाबाद(उद ब्यूरो)। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी का ऑडी डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर कल्चर नाइट-ओडिसी का गवाह बना। ओडिसी में ओडिसी में टीएमयू डेंटल स्टुडेंट्स ने सांस्कृतिक रंग बिखेरे। छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर से सभी मेहमानों का दिल जीत लिया। इस सांस्कृतिक सांझ में डेंटल के छात्र-छात्राओं ने बॉलीवुड गानों पर मनमोहक नृत्य और मधुर आवाज में एक से एक उम्दा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कल्याण प्रो. एमपी सिंह, सीटीएलडी के निदेशक प्रो. आरएन कृष्णिया की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। इससे पूर्व मेहमानों का बुके देकर स्वागत किया गया। ओडिसी का संचालन अनुष्का जैन, तनुष्का और हर्षित ने संयुक्त रूप से किया। बीडीएस के छात्र-छात्राओं ने बॉलीवुड की पुरानी फिल्मों के गीतों-चांदनी ओ मेरी चांदनी..., ओम शांति ओम... पर जानदार और शानदार प्रस्तुति दी। बीडीएस फर्स्ट ईयर, सेकेंड ईयर और फोर्थ ईयर के करीब पर अपना हुनर दिखाया। फैकल्टी डॉ. उत्सव यादव ने पापा की परियों पर... प्रस्तुति देकर कल्चर नाइट में चार चांद लगा दिए। जेबा खां की हंसी ठिठोली ने सभी को गुदगुदाया। कॉलेज बैंड का भी धमाकेदार परफॉर्मेंस रहा। डॉ.तनवीर की भी प्रस्तुति उल्लेखनीय रही। अंत में बीडीएस और एमडीएस के छात्र-छात्राओं ने फैशन शो के माध्यम से रैट्रो टू मैट्रो थीम को बखूबी दर्शाया। ओडिसी में डॉ. प्रदीप तांगडे, डॉ. आरके



ओडिसी में बतौर मुख्य अतिथि सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट, मुरादाबाद के डायरेक्टर डॉ. प्रदीप अग्रवाल, जबकि बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर कॉसमॉस हॉस्पिटल, मुरादाबाद की गायनी की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. निशी अग्रवाल के संग-संग टीएमयू के वीसी प्रो. रघुवीर सिंह, रजिस्ट्रार डॉ.आदित्य शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मनीष गोयल, डीन छात्र तीन दर्जन छात्र-छात्राओं ने इन गानों में शिरकत की। बीडीएस फाइनल ईयर की छात्रा दिशा भट्टाचार्य ने मैं परेशां... सुरीली आवाज में सुनाकर सभी का दिल जीत लिया। रमता जोगी..., चिग्गी- विग्गी पर करीब आधा दर्जन से अधिक इंटर्न्स ने कमाल की प्रस्तुति दी। अपूर्व शर्मा ने मेरा मुर्शीद खेले होली... पर नृत्य से सभी की वाहवाही लूटी। थर्ड ईयर के छात्रों ने थीम डांस के संग-संग पतली कमर...जैसे गानों येल्लूरी, डॉ. गरिमा येल्लूरी, डॉ. मेघानंद टी नायक, डॉ. अंजलि टी नायक, डॉ. रोहित, डॉ. मधुरिमा, डॉ. अभिनय, डॉ. नीलिमा गहलोत, डॉ. एमके सुनील, डॉ. उपेन्द्र मलिक, डॉ. शिल्पा दत्त मलिक, डॉ. विकास सिंह, डॉ. शलभ मेहरोत्रा, डॉ. राजीव पाठक, डॉ. सुरंगमा लहरी, डॉ. गीतान्शु, डॉ. अंकिता जैन आदि फैकल्टीज की भी मौजूदगी रही। अंत में डॉ. तनवीर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# डीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वन्दना ने विकासखण्ड हवालबाग के ज्योली स्थित गौ-सेवा न्यास गुरूकुल पहुँचकर गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहाँ पर गौ सेवा के लिये किये जा रहे कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में रह रही गायों की स्वास्थ्य, भोजन, पेयजल आदि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वहाँ पर नगरपालिका अल्मोड़ा द्वारा बनाये जा रहे भूसा गोदाम के निर्माणाधीन कार्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक व खंड विकास अधिकारी हवालबाग को निर्देश दिये कि यहाँ पर शीघ्र ही अमृत सरोवर का सर्वे कार्य पूर्ण करते हुए एक अच्छा अमृत सरोवर बनाया जाय जो यहाँ पर पेयजल आपूर्ति होने के साथ ही पर्यटकों के लिये आकर्षण का केन्द्र भी बन सके। उन्होंने कहा कि जो महिलायें पशुपालन करना चाहती है उन महिलाओं को महिला समूह से जोड़ते हुए यहाँ से उन्हें गायें दिलायी जाय। उन्होंने परियोजना निदेशक को निर्देश दिये कि स्वजल के माध्यम से यहाँ पर एक शौचालय का निर्माण कराया जाय।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत



गौशाला में पेयजल कनेक्शन की व्यवस्था की जाय। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि यहाँ पर रह रही गायों का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, भरण-पोषण व पशुओं का पंजीकरण समय-समय पर किया जाय। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को निर्देश दिये कि शहर की सब्जी मण्डी, सब्जी की दुकानों, शाकाहारी होटलों को चिन्हित करते हुए वहाँ से बची हुई सब्जियों को एकत्र कर दिन प्रत्येक वाहन के माध्यम से यहाँ पर पशुओं के लिए भेजा जाय। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौशाला की भूमि का सीमांकन कार्य किया जाय। इस अवसर पर उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौशाला की भूमि में ताड़बाड़ का प्रस्ताव बनाकर जिलाधिकारी कार्यालय को भेजा जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना निदेशक को निर्देश दिये कि गौशाला में अच्छी गुणवत्ता की वर्मी कम्पोस्ट बनायी जा रही है इस हेतु किसी अच्छी कम्पनी से सम्पर्क करते हुए वर्मी कम्पोस्ट का प्रचार-प्रसार किया जाय। इस दौरान उन्होंने उरेडा के माध्यम से गौशाला परिसर में सौलर लाईट लगाने के निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि गौसेवा संस्था द्वारा गौ संरक्षण के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा एवं गौ सदन अच्छी तरह से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्यों मे हमें बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करना चाहिए। इस दौरान सचिव गौसदन दयाकृष्ण काण्डपाल, रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन मनोज सनवाल, डेकेयर के अध्यक्ष हेम जोशी, चन्द्रमणी भट्ट, प्रताप सिंह सत्याल, एम0सी0 काण्डपाल, परियोजना निदेशक चन्द्रा फर्त्याल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# भव्य परेड में पुलिस कर्मियों ने दिखाई शारीरिक दक्षता

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार वर्मा के निर्देशन एवं पुलिस उपाधीक्षक के पर्यवेक्षणमें परेड का आयोजन हुआ। प्रतिसार निरीक्षक शिवराज सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस लाईन में परेड का आयोजन किया गया,परेड में पुलिस लाईन,सहित सभी थाना, चौकी एवं समस्त पुलिस शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। एसपी द्वारा परेड में सभी कर्मियों के साथ दौड़ लगाई, वही सभी पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के निर्देश दिए,निरीक्षण कर परेड में सम्मिलित कर्मचारियों का टर्नआउट चौक किया गया, जिसमें आरक्षी सुरेश सिंह खाती का टर्न आउट उच्चकोटि का होने पर उत्साहवर्धन हेतु पुरुस्कृत किया गया।एसपी वर्मा ने



कहा कि पुलिस मे एकता अनुशासन बनाये रखने व ड्यूटी के साथ-साथ स्वयं को फिट व स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से परेड का आयोजन किया जाएगा।एसपी ने सम्मेलन लेकर उनकी निजी, पारिवारिक, विभागीय सम्बन्धी समस्याओं के बारे में जानकारी ली, एवं समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए, जिसके बाद एसपी द्वारा पुलिस लाईन का निरीक्षण कर विभिन्न पत्रावलियों,कर्मियों की ड्यूटी चार्ट,मालखाने के स्टॉक का निरीक्षण किया।इस दौरान परेड में सीओ शिवराज सिंह राणा, कोतवाल कैलाश नेगी, इंस्पेक्टर टीआर बगरेठा,सहित सभी पुलिस उपनिरीक्षक और पुलिस के जवान मौजूद थे।

# खाटू धाम की पैदल यात्रा कर लौटे पं. शंकर लाल का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दो फरवरी को श्री खाटू श्याम धाम धाम की पैदल यात्रा पर निकले पंडित शंकर लाल शर्मा के श्री खाटू श्याम धाम के दर्शन कर वापस लौटने पर आज पंचमुखी हनुमान बाला जी मन्दिर समिति गल्ला मंडी द्वारा स्वागत के साथ माल्यार्पण कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समिति



के मीडिया प्रभारी सुरेश शर्मा ने बताया कि रूद्रपुर से श्री खाटू श्याम निशान पद यात्रा के लिए भक्त पडित शंकर लाल शर्मा दो फरवरी को पैदल रवाना हुए थे। जो विभिन्न मार्गो से होते हुये श्री खादू श्याम धाम पहुँच कर बाबा के दर्शन कर निशान चढ़ाया और बाबा भक्तो के लिए सुख- समृद्धि का आर्शीवाद लेकर वापस यहां पहुंचे। स्वागत एवं सम्मान करने वालो में गुलशन नारंग, सुरेश शर्मा, पवन अग्रवाल, गगन बाधवा, सचिन अग्रवाल, राधे अग्रवाल, नरोत्तम गिरि, देश राज तागरा, पंडित छिन्द्रपाल शर्मा, लक्की रहेजा, सुधाकर द्विवेदी, अशोक राजपूत आदि शामिल थे।

# सुरेश खुराना और महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योतिराज का स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष ज्योतिराज चुघ एवं मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना का देवभूमि कंप्यूटर एकेडमी के कार्यालय गदरपुर में जोरदार स्वागत किया गया। एकेडमी के प्रबंधक पवन पारुथी द्वारा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना एवं महिला मोर्चा मंडल



अध्यक्ष ज्योतिराज के स्वागत के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुरेश खुराना ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है उसका तन मन से निर्वाह करने के साथ-साथ वे कार्यकर्ताओं से मिलकर सरकार की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार करते रहेंगे स वही ज्योतिराज ने कहा कि उनके द्वारा महिलाओं से जनसंपर्क कर के निरंतर उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने भाजपा हाईकमान का भी आभार जताया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य बबली शर्मा ,सुदेश परुथी ,ज्योति शर्मा, कैलाश रानी एवं एकेडमी के अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मुक्तेश्वर का नशा तस्कर पुलभट्टा में अवैध चरस के साथ गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।थानाध्यक्ष पुलभट्टा व उनकी टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुक्तेश्वर निवासी नशा तस्कर को चरस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलभट्टा फ्लाई ओवर के पास चौक किया तो उसके पास से कुल 541 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पूछताछ में पकडे गये व्यक्ति ने अपना नाम बंसत सिह पुत्र रतन सिह निवासी ग्राम दियारखोली थाना मुक्तेश्वर जिला नैनीताल बताया। उसका कहना था कि वह पुलिस



के लिए मुखबिरी का काम करता है और इसी लालच में खुद चरस की तस्करी करने लगा। पहाडो से सस्ते दामों में चरस लाकर मैदानी क्षेत्रों में उच्चे दामों में बेचता है। बरामद चरस को वह हल्द्वानी के रहने वाले एक व्यक्ति से 80 हजार रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से लेकर आ रहा है और भिलोर थाना बहेडी जिला बरेली निवासी व्यक्ति को देने जा रहा था। पुलिस ने बताया अन्तराष्ट्रीय बाजार में बरामद चरस की कीमत लगभग 55 हजार रुपये आकी गयी है। नाश तस्करी में यह पूर्व में भी जेल जा चुका है।

## पेज एक का शेष...

**पलायन को रोकने में..**वह खुशहाल और समृद्ध बनें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के समय से ही कृषि शिक्षा, अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में भी बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की जलवायु विभिन्न प्रकार के औषधीय एवं सगंधीय पौधों सहित अन्य फसलों के लिए अत्यन्त अनुकूल है। इनके उत्पादन से छोटे एवं मध्यम किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास विकल्प काफी है बस हमें संकल्प लेने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि कृषि की दृष्टि से यह वर्ष अत्यन्त महत्वपूर्ण है, संयुक्त राष्ट्र की ओर से यह वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में घोषित किया है। मिलेट्स जिन्हें हम मोटे अनाज के रूप में जानते हैं हमारे देश की प्रमुख फसलें हैं, इसे अब श्री अन्न के रूप में एक महत्व दिया गया है। श्री अन्न को न केवल हमारे छोटे किसानों के लाभ के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा, बल्कि इसलिये भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि इस सेक्टर में स्टार्ट-अप्स के विकास की संभावनायें भी बढ़ें। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय इस दिशा में देश और प्रदेश का मार्गदर्शन करे। राज्यपाल ने कहा कि आज हमारा देश अनाज का निर्यात करने में सक्षम बनकर अनेक प्रकार के कृषि उत्पादों का निर्यात कर रहा है। हम देख रहे हैं कि सरकारों की ओर से कृषि सेक्टर को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार अनेक निर्णय लिए जा रहे हैं, ताकि राष्ट्र 'आत्मनिर्भर' बन सके तथा आयात के लिए इस्तेमाल होने वाला धन किसानों तक पहुंच सके। आज का भारत एक युवा भारत है, इसलिए हमें कृषि क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ानी है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि आप सभी अपने नवाचारों के बारे में सरकार और किसान के बीच एक सेतु का काम करे। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से विकसित तकनीक को दूरस्थ अंचलों के अंतिम स्तर पर बैठे किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। यह केंद्र लगातार कई किसानों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने और प्रशिक्षण, फ्रंट लाइन प्रदर्शनों और अन्य विस्तार कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि पंतनगर विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड के किसानों, विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों के किसानों की आय बढ़ाने, उन्हें कृषि से जोड़े रखने तथा राज्य की विशेषताओं एवं आवश्यकताओं के अनुरूप शोध एवं प्रसार कर पलायन को रोकने में सक्रिय भूमिका निभायेगा।

**सूचना संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र गौरव छाबड़ा का परिवार के साथ मारपीट करता है और परिवार का कहना भी नहीं मानता है। जिस कारण मैंने पुत्र गौरव छाबड़ा को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे पारिवारिक संबंध समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में गौरव छाबड़ा द्वारा किए गए किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई सरोकार नहीं होगा।

**जगदीश पुत्र श्री तुलसी दास निवासी वार्ड नंबर 38, जगतपुरा, आवास विकास, रूद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर )**

# भजन गायक कन्हैया मित्तल ने जाना बेहड़ व उनके पुत्र का हाल

किच्छा (उद संवाददाता)। प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने वीडियो कॉल के जरिए किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ तथा सौरव बेहड का हालचाल जाना। बता दें विधायक बेहड़ की किडनी का प्रत्यारोपण गत दिनों में हुआ था तथा उनके छोटे पुत्र सौरव बेहड़ ने उन्हें किडनी दी थी दोनों ही इस समय दिल्ली में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं, इसी कारण हाल चाल पूछने के लिए कन्हैया मित्तल ने उन्हें वीडियो कॉल के जरिए बातचीत की तथा उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंहे विधायक तिलक राज बेहड से बातचीत में कहा कि आप जल्द ही पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर क्षेत्र वासियों की सेवा के लिए उनके बीच जाएंगे क्योंकि बाबा का आशीर्वाद आपके साथ है। उन्होंने सौरव से बात करते हुए कहा कि उन्हें बहुत गर्व होता है कि वह सौरव को अपना छोटा भाई मानते हैं सौरव ने जो अपने पिता को किडनी दी है वह एक पिता पुत्र के रिश्ते के लिए मिसाल है, और वे जल्द ही जब दोनों स्वस्थ हो जाएंगे व्यक्तिगत रूप से मिलने आएंगे

**सीएम ने पावर वीडर...** गांव की कुलदीप पवार ने सीएम को बताया कि तिवाड़ गांव के 20 से अधिक लोग होमस्टे संचालित कर रहे हैं। सीएम ने गांव के खेत में कुछ देर पावर वीडर चलाकर हल जोता। गांव के लोगों से कृषि के बारे में भी जानकारी ली। टिहरी दौरे पर पहुंचे सीएम धामी ने छात्रों से परीक्षा को लेकर चर्चा की। इसके बाद कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक ली। सीएम ने आदिशक्ति धाम स्मृति चिन्ह का विमोचन भी किया। मिशन शतक के छात्रों को पाठ्य सामग्री देकर सम्मनित किया।

**युवक ने फांसी लगाकर..**मृतक के शव को फंदे से नीचे उतारने के बाद कब्जे में लेकर उसे अंत्य परीक्षण के लिए पीएम हाउस भेज दिया। रविवार को तहसीलदार की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि स्थानीय अल्ली खां मोहल्ले में मृतक की ससुराल है। उसके 5 वर्ष की बेटी सैयदा है। परिजनों के मुताबिक कुछ दिन पूर्व मृतक की पत्नी बेटी को लेकर शादी समारोह में शामिल होने के लिए मायके अल्ली खां चली गई थी। दुखद सूचना मिलने पर वह बेटी के साथ वापस घर लौटी। फिलहाल पुलिस मौत के सही कारणों को जानने में जुटी है।

# नकल विरोधी कानून लाने से युवाओं में खुशी की लहर: ठुकराल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा नकल विरोधी कानून लाने से विद्यार्थियों और युवाओं में खुशी की लहर है।भाजपा दक्षिणी मंडल,रुद्रपुर के नगर महामंत्री सुनील ठुकराल ने मुख्यमंत्री श्री धामी का आभार जताते हुए कहा कि वह निरंतर शिक्षा को बढ़ावा और युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रदेश में निरंतर युवाओं का दिल जीतने का कार्य कर रहे हैं। श्री धामी प्रदेश के सभी वर्गों के लोगों का हित सुनिश्चित करने का कार्य कर रहे हैं। हर क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य को बढ़ावा दे रहे है। इसलिए प्रदेश के मुख्यमंत्री की जितनी तारीफ की जाए कम है।



**लापता युवक का...** उत्तराखण्ड पुलिस वापस लौट आयी। उधर यूपी पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव क्षत विक्षत हालत में मिला था।

**निरंकारी मिशन ने ..**स्लोगन लिखे बैनर लेकर चल रहे श्रद्धालु जोरदार नारे लगाकर लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक कर रहे थे। रैली के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करने के साथ- साथ ष्जल स्वच्छ मन स्वच्छ का संकल्प भी करवाया गया। इस मौके पर महिला पुरुष सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

**चाकू सहित..**करने पर उसने अपना पाम पता शुभम कोहली पुत्र मेवा राम निवासी वार्ड 24 रम्पुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद बरामद चाकू कब्जे में लेकर शुभम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कृषि एवं औद्यानिकी के विकास से रूकेगा पलायन:जोशी

## कृषि मंत्री ने किया पंतनगर में किसान मेले का उदघाटन

पंतनगर(उद संवाददाता)। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 113वें अखिल भारतीय किसान मेले एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि कृषि मंत्री एवं कृषि कल्याण गणेश जोशी द्वारा फीता काटकर किया गया। मेले के उद्घाटन के पश्चात कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों को विभिन्न महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों, कृषि एवं उद्यान विभाग, उत्तराखण्ड, पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा, स्वयं सहायता समूह तथा अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा विभिन्न तकनीकों पर लगाये गये स्टाल का अवलोकन कराया गया, तदोपरान्त उद्घाटन समारोह गांधी हाल सभागार में सम्पन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के साथ कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक प्रसार शिक्षा डा. अनिल कुमार शर्मा; निदेशक शोध डा. ए.एस. नैन मंचासीन थे। कृषि मंत्री, गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान एवं जय अनुसंधान के नारों के साथ अपना उद्बोधन प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति की जननी यह विश्वविद्यालय है, जिससे कृषि में नयी तकनीक का समावेश हुआ है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, विद्यार्थी तथा स्वयं सहायता समूह के लोगों ने बहुत परिश्रम किया है। केन्द्र सरकार का सपना है कि किसानों की आय दोगुनी होनी चाहिए। वर्ष 2023 को मिलेट वर्ष के रूप में घोषित किया गया है। पहले हम कोंदो, झिंगोरा आदि मोटे अनाज खाते थे मगर इसे गरीबों का भोजन कहा जाता था। आज मोटे अनाजों का सेवन करने से मधुमेह जैसे खतरनाक रोगों से बचा जा सकता है अत: इनको बढ़ावा दिया जा रहा। उत्तराखण्ड पहला राज्य है जहां मंडुवा का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है और राज्य सरकार की योजना है कि पांच किलों मुफ्त राशन के साथ एक किलों ग्राम मण्डुवा भी दिया जाये जिससे मण्डुवां के अधिक उत्पादन हेतु किसान आगे आयेंगे। राज्य में लगभग पचास हजार स्वयं सहायता समूह में लगभग 6 लाख महिलाएं अपना योगदान दे रही है। वर्ष 2025 में जब यह राज्य 25 साल का हो जाएगा उस समय सवा लाख लखपति दीदी का सपना साकार करना है। उत्तराखण्ड राज्य में मूल रूप से 34 प्रतिशत जैविक खेती की जाती है और इसे बढ़ाकर वर्ष 2025 तक 60 प्रतिशत करना है। इसके साथ ही प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा देना है। उन्होंने अवगत कराया कि प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण हेतु 300 कृषकों को सरकार द्वारा कुरूक्षेत्र में भेजा गया था। उन्होंने बताया कि किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु उनको किसान सम्मान निधि से सम्मानित किया जा रहा हैं। राज्य सरकार ने किसान सम्मान निधि हेतु रू. 200 करोड़ एवं मिलेट वर्ष 2023 हेतु रू. 73 करोड़ की व्यवस्था की है। मुख्य अतिथि द्वारा उनके औद्यानिक विषय पर यूरोप के विभिन्न देशों के अनुभव को भी साझा किया गया। उन्होंने कहा कि कृषि एवं औद्यानिकी पर्यटन का विकास करने से पहाड़ी क्षेत्रों में हो रहे पलायन को रोका जा सकता है। डा. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि मुख्य अतिथि द्वारा उनके विभिन्न स्टालों पर भ्रमण और वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों एवं स्वयं सहायता समूह के लोगों द्वारा किये गये प्रदर्शनों की बहुत रूचि के साथ जानकारी ली और प्रशंसा भी की गयी। विश्वविद्यालय अब तक 330 फसलों की प्रजातियों का विकास कर चुका हैं। विश्वविद्यालय से 52 हजार विद्यार्थी उपाधि प्राप्त कर चुकें है और विश्वविद्यालय ने लगभग 1.50 करोड़ कृषकों को विभिन्न तकनीकों को मुहैया कराया है। आज इस किसान मेले में विभिन्न प्रदेशों के किसान भाग ले रहे है। उन्होंने कहा कि मिलेट वर्ष 2023 को गम्भीरता के साथ मनाना है। इस अवसर पर तकनीकी जानकारी के साथ विभिन्न उत्पादों के बारे में किसान मेले में जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने पशुधन विभाग द्वारा बहुत कम समय में बाजरे की लस्सी तैयार करने की प्रशंसा की।कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों को सम्मानित करने के पश्चात् निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा ने बताया की मेले में विभिन्न विधाओं पर 350 से अधिक स्टाल लगे हैं। मेले में बीज विक्रय के साथ-साथ व्यवसाय, कृषि ऋण, कृषि सुरक्षा, कृषि निवेश आदि से संबंधित सभी महत्वपूर्ण संस्थानों व कम्पनियों द्वारा किसानों को जानकारी प्रदान की जा रही है। इस कार्यक्रम में पूर्व निदेशक संचार एवं प्राध्यापक, प्रसार शिक्षा डा. एस.के. बंसल को उनके 35 वर्षों के प्रसार एवं संचार कार्यों में योगदान के लिए मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री राजेश शुक्ला, प्रबंध परिषद के सदस्य श्री विशाल राणा, कृषि निदेषक, उत्तराखण्ड श्री गौरी शंकर, पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा के निदेशक डा. लक्ष्मीकांत, अपर कृषि निदेशक, उत्तराखण्ड श्री के.सी. पाठक, अन्य गणमान्य अतिथि तथा विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता एवं निदेशकगण, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, विद्यार्थी एवं कृषक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में साहित्यों का विमोचन भी किया गया। निदेशक शोध डा. ए.एस. नैन ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। पंतनगर में आयोजित अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह के अवसर पर आज मुख्य अतिथि श्री गणेश जोशी, माननीय कृषि मंत्री एवं कृषि कल्याण, उत्तराखण्ड एवं कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने गांधी हाल में खेती में अभिनव प्रयोग करने और उल्लेखनीय सफलता के लिए राज्य के विभिन्न जनपदों से चुने गये 09 प्रगतिशील कृषकों को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले किसानों में राकेश चन्द्र उपाध्याय, ग्राम-बुंगा फर्त्याल, बिशंग, लोहाघाट, जिला चम्पावत, श्रीमती मंजू देवी, ग्राम-अत्मलपुर बौंगला, बहादराबाद, जिला हरिद्वार, ललित उपाध्याय, ग्राम-बचकोट, कनाली छीना, जिला पिथौरागढ़, प्रद्युमन सिंह बिष्ट, ग्राम-ल्वाणी, देवाल, जिला चमोली, श्रीमती गरिमा मिश्रा, ग्राम-बिजुनिया हल्दु, कोटाबाग, जिला नैनीताल, श्रीमती सीता भट्ट, ग्राम-छरबा, सहसपुर, जिला देहरादून, कमल सिंह कैड़ा, ग्राम-बयाला खालसा सोमेश्वर, ताकुला, जिला अल्मोड़ा, सुखदेव सिंह, ग्राम-नरखेड़ा, बाजपुर, जिला ऊधमसिंहनगर एवं श्रीमती बीना देवी, ग्राम जामू, ऊसीमठ, जिला रूद्रप्रयाग, सम्मिलित थे।







# किसान मेले में जगदीश पाण्डेय ने बिखेरा अपनी चित्रकारी का जादू

## हजारों लोगों ने की आकर्षक पेंटिग की सराहना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपनी चित्रकला का देश के कई राज्यों में लोहा मनाने वाले देवभूमि उत्तराखंड के प्रतिष्ठित चित्रकार जगदीश पाण्डेय ने गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्व विद्यालय में आयोजित 113 वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में स्वयं द्वारा तैयार की गई आकर्षक पेंटिग का स्टॉल लगाकर मेले में आये हजारों लोगों पर अपनी चित्रकारी का ऐसा जादू बिखेरा कि जो भी व्यक्ति उनके स्टॉल पर आया पेंटिंग देखता ही रह गया और वह चित्रकार पाण्डेय के हाथों के जादू की सराहना किये बगैर नही रह सका। आयोजित मेले में वैसे तो कृषि यंत्रों, बीजों, खाद सहित कृषि से सम्बंधित अन्य वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई है। परंतु इन सबसे हटकर चित्रकार जगदीश पाण्डेय की पेंटिंग का स्टॉल अलग ही आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। स्वयं मेले के मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी जब मेले का शुभारम्भ करने के बाद स्टॉलों का निरीक्षण कर रहे थे तो वह भी चित्रकार जगदीश पाण्डेय के पेंटिंग स्टॉल पर काफी देर तक रूके बिना नहीं रह सके। उन्होंने श्री पाण्डेय से उनकी पेंटिंग के बारे में बातचीत भी की। उन्होंने बताया कि उन्हें देवभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य से बचपन से ही लगाव रहा है। जिसके बाद उन्होंने इस प्राकृतिक सौंदर्य को अपनी कला के माध्यम से जनजन तक पहुंचाने का निर्णय लिया तथा प्राकृतिक सौंदर्य को चित्रकला के द्वारा कागजों पर उतार कर अपने मिशन पर लग गये। उन्होंने बताया कि जो भी प्राकृतिक दृश्य उन्हें भाता है उसे अपने दिलोदिमाग में उतार लेते हैं और फिर मन की आंखों से देखकर उस दृश्य को बेहतर रंगों का चयन कर कागज पर उतार देते हैं। जनपद नैनीताल के लालकुआं थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम हल्दूचौड़ के निवासी जगदीश पाण्डेय पिछले कई दशकों से देश के कई राज्यों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अपनी हस्तनिर्मित चित्रकारी को प्रदर्शित कर अपनी कला का लोहा मना चुके हें। इन्हें पूर्व में टांक राजस्थान में आयोजित 16 वें राष्ट्रीय कला पर्व क्रेयांस समारोह में निर्बाध सृजन के साथ भारतीय समसामयिक कला के लिए क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय कला रत्न से सम्मानित किया जा चुका है।इसके अतिरिक्त कलश कोआपरेटिव थ्रिफ्ट एण्ड क्रेटिड सोसाईटी लि.नई दिल्ली द्वारा अपने तृतीय स्थापना दिवस पर कलश कलाश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। आज चित्रकार जगदीश पाण्डेय अपने परिचय के लिए देवभूमि में किसी के लिए मौहताज नहीं रहे हैं। उनकी कला का देवभूमि में हर जगह डंका बज रहा है। पंत विश्वविद्यालय में आयोजित किसान मेले में श्री पाण्डेय द्वारा बनाई गई पेंटिंग को खरीदने के लिए लोगों में काफी उत्सुकता दिखाई दे रही है।







# भाजयुमो मंडल अध्यक्ष भुसरी ने निकाली धन्यवाद रैली

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष मुनि भुसरी के नेतृत्व में धामी सरकार का धन्यवाद करने के लिए बाइक रैली का आयोजन किया गया। सैकड़ो युवा बाइकों पर सवार होकर धामी सरकार जिंदाबाद, पुष्कर धामी जिंदाबाद ,जय श्री राम व भाजयुमो जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाते हुए नजर आए। बाइक रैली का शुभारम्भ नगर के राजकीय इंटर कॉलेज से किया गया। शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,मंडल प्रभारी अमित कुमार,जिला मंत्री चंकित हुड़िया सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने धामी सरकार के नकल विरोधी कानून बनाये जाने पर धन्यवाद अर्पित करते हुए युवाओ को सम्बोधित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने कहा आज पूरे प्रदेश में युवाओ के भविष्य की रक्षा के लिए जो कार्य प्रदेश के मुखिया मा0 पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया गया है उसकी जितनी सराहना की जाए कम होगी। उन्होंने आज की बाइक रैली में आये युवाओ को 1 मार्च को हल्द्वानी में होने वाले भव्य कार्यक्रम में पहुचने की अपील की साथ ही भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी द्वारा किये गए बाइक रैली के आयोजन को देख मुनि भुसरी को आशीर्वाद देते हुए सफल आयोजन की बधाई दी। वही भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी द्वारा युवाओ का आभार प्रकट करते हुए धामी सरकार के नकल विरोधी कानून के विषय मे युवाओ को बताया साथ ही भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आशीर्वाद लिया।उन्होंने कहा धामी सरकार ही युवाओ के भविष्य की चिंता करती है जिसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का वह सभी युवाओ की और से धन्यवाद अर्पित करते है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा,भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष मुनि भुसरी,बाइक रैली संयोजक वकुल अरोरा, मण्डल अध्यक्ष सुरेश खुराना, मंडल प्रभारी अमित सिंह,आकाश अरोरा, गुँजन अरोरा, अंकुश अनेजा, गुलशन शर्मा,अभिषेक वर्मा, अनिल जेटली,राजेश गुम्बर मिन्नी, सुभाष गुम्बर,परमजीत सिंह पम्मा,सुभाष खुराना,चंकित हुड़िया, प्रियांशु गुप्ता, हनुमत भुड्डी, सागर कुमार,ओमवीर सिंह,नवीन खेड़ा, पंकज खेड़ा ,हरीश रहलन, हैप्पी चंद्रा , सतीश छाबड़ा ,अशोक छाबड़ा, धर्मवीर सिंह, रोहित मुरादिया, मुकुल सुखीजा ,राहुल, दीपक, सोनू, राजपाल, अजय, सुनील,अनिल ,अजय रावत ,आशीष,धर्मेंद्र प्रजापति, ऋषभ, सुमित कश्यप, सनी सिंह,नवाब अली, ओम प्रकाश सैनी, आदित्य छाबड़ा, कार्तिक छाबड़ा सहित सैकड़ों युवा मौजूद रहे।



